


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 241

ग्वालियर, शनिवार 21 मई 2022

ृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## देश में भाजपा के प्रति जनता का विशेष स्नेह, हमें लक्ष्य हासिल होने तक चैन से बैठने का हक नहीं : मोदी

### पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया 25 साल की जीत का मंत्र

**नई दिल्ली।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा नेताओं को वर्चुअल संबोधन में कहा, दुनिया आज भारत को बहुत उम्मीदों से देख रही है। ठीक वैसे ही भारत में भाजपा के प्रति, जनता का एक विशेष स्नेह है। देश की जनता भाजपा को बहुत विश्वास से, बहुत उम्मीद से देख रही है। पीएम मोदी ने कहा, जनसंघ से लेकर हमारी जो यात्रा शुरु हुई और भाजपा के रूप में फली-फूली, पार्टी के इस स्वरूप को, उसके विस्तार को देखते हैं, तो गर्व तो होता ही है, लेकिन इसके निर्माण में खुद को




खपाने वाली पार्टी की सभी विभूतियों को मैं आज नमन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, देश की जनता की ये आशा-आकांक्षा हमारा दायित्व बहुत बढ़ा देती है। आजादी के इस अमृत काम में देश अपने लिए अगले 25 सालों के लक्ष्य तय कर रहा है। भाजपा के लिए यही समय है, यही सही समय है। अगले 25 सालों के लक्ष्यों को तय करने का, उनके लिए निरंतर काम करने का। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा दर्शन है पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय। हमारा चिंतन है डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सांस्कृतिक राष्ट्रनीति। हमारा मंत्र है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। पीएम मोदी ने कहा आजादी के इस अमृत काल में देश बड़े लक्ष्यों पर काम कर रहा है, हमें याद रखना होगा कि भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते हमें चैन से बैठने का हक नहीं है। आज भी हम अधीर हैं, बेचैन हैं, आतुर हैं क्योंकि हमारा मूल लक्ष्य, भारत को उस उंचाई पर पहुंचाना है जिसका सपना देश की आजादी के लिए मर-मिटने वालों ने देखा था। नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे देश में एक लंबा कालखंड ऐसा रहा जब लोगों की सोच ऐसी हो गई थी कि बस किसी तरह समय निकल जाए। न सरकार से उनको अपेक्षा थी और न ही सरकार उनके प्रति अपनी कोई जवाबदेही समझती थी। 2014 के बाद भाजपा देश को इस सोच से बाहर निकालकर लाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा मैं देश के उज्ज्वल भविष्य को भली भांति देख रहा हूं। जब मैं आत्मविश्वास से भरे हुए देश के युवाओं को देखता हूं, कुछ कर गुजरने के हौसले के साथ आगे बढ़ती हुई बहन-बेटियों को देखता हूं तो मेरा आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब भी कार्यकर्ताओं से मिलता हूं, उनसे बहुत कुछ जानने को मिलता है। कार्यकर्ता के द्वारा जो जानकारी प्राप्त होती है, वह बेहद सटीक जानकारी होती है। पीएम मोदी ने कहा, मैं सैचुरेशन की बात करता हूं। सैचुरेशन सिर्फ पूर्णता का आकंड़ा भर नहीं है। यह भेदभाव, भाई-भतीजावाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार के चंगुल से देश को बाहर निकालने का माध्यम है। नरेंद्र मोदी ने कहा हमें अगर सत्ताभोग ही करना होता तो भारत जैसे विशाल देश में कोई भी सोच सकता है कि इतना सारा मिल गया अब तो बैठो। लेकिन हमें ये रास्ता मंजूर नहीं है। हमारा मूल लक्ष्य भारत को उस ऊंचाई पर पहुंचाना है जिसका सपना देश की आजादी के लिए मर मिटने वालों ने देखा था।


## योगी सरकार का बड़ा कदम 4.5 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

**नई दिल्ली।** योगी सरकार लोगों तक सभी सुविधाओं को आसानी से पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रदेश सरकार गांवों 1.80 लाख सीएससी



(कामन सर्विस सेंटर) खोलने जा रही है। इससे 4.5 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। योगी सरकार ने अगले पांच वर्षों में प्रदेश में सभी परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही सरकार चाहती है कि लोगों को सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़े। इसी को देखते हुए योगी सरकार की अगले पांच वर्षों में गांवों में 1.80 लाख सीएससी खोलने की योजना है। इसके जरिए 4.50 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। सरकार की योजना हर ग्राम पंचायत में कम से कम दो सीएससी खोलने की योजना है। सीएससी (कामन सर्विस सेंटर) में सरकारी और गैरसरकारी सेवाओं का लाभ ग्रामीण प्राप्त कर सकते हैं। सीएससी में बहुत सारे डिजिटल काम एक ही जगह पर हो जाते हैं। किसी के खाते में पैसे जमा करना या खाते से पैसे निकालना हो या आनलाइन कोई भी प्रमाणपत्र बनवाना हो तो कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से किए जा सकते हैं।

## हैदराबाद में अफ्रीकन व्यक्ति में मिला ओमिक्रॉन का बीए.4 वैरिएंट, देश में पहला नया मामला



**हैदराबाद।** महामारी कोविड-19 के घातक वायरस का खतरा अभी टला नहीं है अब भारत में कोविड का एक नया वैरिएंट मिला है। यह ओमिक्रॉन का सबवैरिएंट बीए.4 है, जो हैदराबाद में मिला है। इसे एक अफ्रीकन शख्स में पाया गया है। विशेषज्ञों की मानें तो यह भारत का पहला बीए. 4 वैरिएंट है। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है वहीं भारतीय सार्स-कोवि-2 जिनियोमि कर्नोटियम (आईएनएसएसीओजी) की ओर से बयान जारी करने का इंतजार हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह बीए.4 वैरिएंट एक अफ्रीका के नागरिक में मिला है। वह हैदराबाद के एयरपोर्ट पर आया था। इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर ही उसका सैंपल लिया गया था। मरीज को कोई लक्षण नहीं थे। वह 9 मई को एयरपोर्ट पर उतरा था, उसी दिन उसका सैंपल लिया गया। वह 16 मई को वापस लौट गया। इस दौरान वह शहर में घूमता रहा। अधिकारियों ने बताया कि ओमिक्रॉन का वैरिएंट बीए.4 पहली बार साउथ अफ्रीका में इसी साल जनवरी में मिला था। उसके बाद यह धीरे-धीरे अन्य देशों में फैला। एक दर्जन से ज्यादा देशों को चपेट में ले चुका बीए.4 भारत में नहीं था।



## दो दिवसीय अरुणाचल दौरे पर जाएंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शनिवार से अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर जाने की उम्मीद है। 21 मई से 22 मई तक पूर्वोत्तर राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान, गृह मंत्री सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे, विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कर्मियों के साथ बातचीत करेंगे। गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सीमा की रक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए क्षेत्र में तैनात हैं। राज्य की अपनी यात्रा के पहले दिन गृह मंत्री शनिवार को सुबह करीब 11.40 बजे अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में %स्वर्ण जयंती समारोह% में शामिल होंगे। गृह मंत्री बाद में दोपहर करीब 2.45 बजे लोहित जिले के परशुराम कुंड का दौरा करेंगे। दूसरे दिन, अमित शाह अरुणाचल प्रदेश के नामसाई शहर में सुबह 9.30 बजे सामाजिक संगठनों के साथ बैठक करेंगे और बाद में इलाके के गोल्डन पैगोडा मंदिर में पूजा करेंगे। गृह मंत्री बाद में एक जनसभा और उद्घाटन में शामिल होंगे ।

## 6 करोड़ आबादी वाला फ्रांस राफेल बना रहा 130 करोड़ का देश मंदिर-मस्जिद खोद रहा: शिवसेना

**नई दिल्ली।** शिवसेना ने ज्ञानवापी मस्जिद मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। मुखपत्र %सामना% में प्रकाशित संपादकीय के जरिए शिवसेना ने कहा है कि इन मुद्दों के जरिए ही भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव इन मुद्दों पर लड़ेगी। साथ ही पार्टी ने भारत की तुलना फ्रांस से की है और काशी-मथुरा मामले को लेकर कश्मीर घाटी में हिंदू पंडितों के %दमन% का मुद्दा उठाया है। साढ़े 6 करोड़ जनसंख्या वाला देश फ्रांस 'राफेल' बनाकर हमें बेच रहा है और 130 करोड़ लोगों का देश रोज मंदिर-मस्जिद और अवशेषों का उत्खनन कर रहा है। इसी को कुछ लोग विकास समझते होंगे तो उन्हें साष्टांग दंडवत।% इस दौरान पार्टी ने काशी-मथुरा, ताजमहल, जामा मस्जिद को लेकर जारी खबरों का भी जिक्र किया। पार्टी ने कहा, %भाजपा के विकास का मॉडल इस तरह से चल रहा है। हनुमान चालीसा, भोंगा प्रकरण बहुत ज्यादा नहीं चला। हर बार कोई नई राम कहानी अथवा कृष्ण कथा रची जाती है। इसका मूल रामायण-महाभारत से कोई संबंध नहीं होता है। लेकिन लोगों को उकसाते रहना है, ऐसा धंधा चल रहा है।% शिवसेना ने सरकार पर कश्मीर घाटी की स्थिति की अनदेखी करने के भी आरोप लगाए हैं। पार्टी ने लिखा, %'अयोध्या तो झांकी है, काशी-मथुरा बाकी है' यह घोषणा हिंदुत्ववादियों को सुख पहुंचानेवाली है ही, परंतु कश्मीर घाटी में हिंदू पंडितों का जो दमन फिर से शुरू हुआ है, वह मुद्दा भी काशी-मथुरा जितना ही गंभीर है। उस ओर सुविधानुसार अनदेखी चल रही है।% बीते सप्ताह राउत ने कहा था कि राम जन्मभूमि आंदोलन के बाद और ऐसे में जब भगवान राम का मंदिर बन रहा है, तो देश को स्थिरता की जरूरत है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राउत ने कहा, %मुझे लगता है कि 2024 की तैयारियां इस तरह से की जा रही हैं कि देश में तनाव पैदा करने के लिए सभी ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की खुदाई की जा रही है।



## खास खबर

### हाइवे पर होर्डिंग और बैनर लगाकर प्रेमिका को किया शादी के लिए प्रपोज

**कोल्हापुर।** किसी भी प्रेमी जोड़े के लिए शादी आखिरी मंजिल होती है। इसके लिए महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक प्रेमी ने ऐसी तरकीब अपनाई जिसके बाद उसकी प्रेमिका भी शादी से इनकार नहीं कर सकी। अपने पार्टनर के प्यार के इजहार से युवती इस कदर खुश हुई की, वहां तुरंत शादी के लिए तैयार हो गई। दरअसल कोल्हापुर के सौरभ कसबेकर और सांगली की उत्कर्षा एक ही इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करने के बावजूद पिछले साल तक एक-दूसरे के संपर्क में नहीं थे। हालांकि, सौरभ उत्कर्षा को कॉलेज के दिनों से पहचानते थे और पसंद भी करते थे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई खत्म होने के बाद सौरभ के परिवार ने उससे शादी को लेकर कहा कि अगर कोई लड़की पसंद हो तब बता दे। सौरभ ने बिना देरी किए परिजनों को उत्कर्षा के बारे में बताया। सौरभ का परिवार शादी के लिए मान गया और उत्कर्षा के घर शादी का प्रस्ताव भेजने का फैसला किया गया, लेकिन सौरभ अनोखे तरीके से उत्कर्षा को शादी के लिए प्रपोज करना चाहता था। करीब 4 महीने पहले से सौरभ का परिवार शादी के लिए उत्कर्षा के परिवार के संपर्क में था लेकिन उत्कर्ष को कुछ अलग करने की अनुमति शुरुआती दौर में उन्होंने नहीं दी। हालांकि जब उन्होंने सौरव के दिल की बात जानी, तब उन्हें इजाजत दे दी। इसके बाद सौरभ ने सांगली-कोल्हापुर हाइवे पर होर्डिंग और बैनर लगवाया जिस पर अंग्रेजी में लिखा था मैरी मी उत्कर्षा% यानी की उत्कर्षा मुझसे शादी कर लो। यह होर्डिंग सांगली-कोल्हापुर सड़क पर कॉलेज जाने के रास्ते में ही लगाई गई थी जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### बीच हवा में बंद हो गया एयर इंडिया के विमान का इंजन

**नई दिल्ली।** एक बड़ा हादसा टल गया जब एयर इंडिया के एक विमान का इंजन बीच हवा में बंद हो गया। गनीमत रही कि पायलट ने समय रहते विमान को वापस हाईअड्डे पर लैंड करा दिया। टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया का एक एयरबस ए 320 नियो विमान उड़ान भरने के ठीक 27 मिनट बाद मुंबई हवाई अड्डे पर लौट आया क्योंकि इसका एक इंजन एक तकनीकी समस्या के कारण हवा में बंद हो गया था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे विमान से यात्रियों को उनके गंतव्य बेंगलुरु के लिए रवाना किया गया। सूत्रों के मुताबिक, उड्डयन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय इस घटना की जांच कर रहा है। एयर इंडिया के ए320नियो विमानों में 'सीएफएम' के लीप इंजन लगे होते हैं। ए320नियो विमान के पायलट को सुबह नौ बजकर 43 मिनट पर छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक इंजन में गड़बड़ी की चेतावनी मिली। सूत्रों ने बताया कि इंजन बंद होने के बाद सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर विमान वापस मुंबई हवाईअड्डे पर उतारा गया। घटना के बारे में पूछे जाने पर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा ''एयर इंडिया सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हमारे चालक दल इन स्थितियों से निपटने में अच्छी तरह से माहिर हैं। हमारे इंजीनियरिंग और रखरखाव दलों ने तुरंत इसकी जांच शुरू कर दी है।'' प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों को दूसरे विमान से बेंगलुरु के लिए रवाना किया गया।

## उत्तर भारत में जहां भीषण गर्मी का प्रकोप, वहीं दक्षिण भारत में बारिश का कहर जारी

**नई दिल्ली।** देश में मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। उत्तर भारत में जहां गर्मी का प्रकोप देखने के मिल रहा है, वहीं दक्षिण भारत में बारिश का कहर जारी है। मौसम विभाग का मानना है कि मानसून भी जल्द ही दस्तक दे सकता है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर जल्दी पहुंचने के बाद दक्षिण पश्चिम मानसून केरल की ओर बढ़ रहा है और मौसम विभाग ने अगले हफ्ते के मध्य तक प्रदेश में इसके दस्तक देने की संभावना जताई है। देश के असम राज्य में भीषण बाढ़ आई है। त्रिपुरा में भी भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को तेज हवाएं चलने के आसार हैं। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग की मानें तो 22 से 24 मई के बीच उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 21-24 जून के बीच जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड



के अलग अलग इलाकों में गरज, बिजली, आंधी और ओलावृष्टि के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली में दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और शाम को गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 44 डिग्री सेल्सियस और 29 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार को धूल भरी आंधी के साथ तेज हवाओं के चलने के मद्देनजर येलो अलर्ट भी जारी किया है। इसके अलावा 23 और 24 मई के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन से चार दिनों तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। बिहार के कई हिस्सों में गुरुवार को 25 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली और फिर कुछ देर बाद कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे।

## सवा दो साल बाद जेल से रिहा हुए आजम खान शिवपाल यादव ने किया रिसीव बोले- हमारे साथी

**लखनऊ।** देश की सर्वोच्च अदालत से अंतरिम जमानत मिलने के बाद समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान आज जेल से रिहा हो गए। आजम खान करीब सवा दो साल (27 महीने) बाद %रिहा% हुए। उन्हें 88 मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी थी। बाहर निकले तो बड़े शांत दिखे। उन्हें लेने के लिए शिवपाल यादव के साथ सपा के विधायक आशु मलिक और दोनों बेटे सीतापुर जेल पहुंचे हुए थे। अखिलेश यादव या सपा का कोई बड़ा नेता नहीं दिखा। जेल से बाहर निकले तो शिवपाल यादव से गर्मजोशी से मिले। कुछ बातें हुईं। फोटो खींचे गए और आजम खान बेटे की कार में आगे वाली सीट पर जाकर बैठ गए। आजम के समर्थकों और मीडिया का भारी जमावड़ा था। वह मीडिया से कुछ बोले तो नहीं पर हाथ हिलाकर अभिवादन जरूर किया। शिवपाल ने मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, %स्वागत



एवं शुभकामनाएं। आजम को लेकर जब शिवपाल यादव का काफिला निकला तो उन्होंने गाड़ी रोक कर मीडिया से बात की। शिवपाल ने कहा कि न्याय की जीत हुई है, आजम खान साहब की जीत हुई है। लड़ाई में क्या वह आपके साथ आएंगे? जब पत्रकारों ने सवाल किया तो शिवपाल ने कहा कि हम लोग समाजवादी हैं और हमेशा नेताजी से हम लोगों ने सीखा है सुख और दुख में साथ रहना और कहीं पर भी सुख-दुख में अगर साथी संकट में हैं.... आजम भाई हमारे साथी रहे हैं और आज भी हैं। यह पूछे जाने पर कि आजम खान के परिवार के लोग इस बात से नाराज हैं कि उनसे मिलने अखिलेश यादव नहीं आए? शिवपाल ने कहा कि ये तो अखिलेश यादव से पूछिए न, आजम भाई हमारे साथी हैं। हमारी बात आज भी हुई और आगे भी होती रहेगी। इससे पहले आजम खान को जेल से रिसीव करने जाते समय आज सुबह शिवपाल यादव ने ट्वीट किया, सूबे के आवाम के लिए यह सुखद है कि आजम खान साहब आज उनके चाहने वालों के बीच होंगे...मैं सीतापुर के लिए निकल चुका हूं। उत्तर प्रदेश के क्षितिज पर नया सूरज निकल रहा है। आइए, आजम खान साहब का इस्तकबाल करें। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक माननीय श्री आज़म ख़ान जी के जमानत पर रिहा होने पर उनका हार्दिक स्वागत है।

## दिशा रेप केस के आरोपियों का फेक एनकाउंटर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा एक्शन लो

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के चर्चित दिशा रेप केस के आरोपियों का फेक एनकाउंटर हुआ था। दरअसल, सिरपुरकर कमीशन ने मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की है। यह रिपोर्ट संकेत दे रही है कि दिशा रेप केस में कथित चारों आरोपियों का फेक एनकाउंटर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट से कमीशन रिपोर्ट पर एक्शन लेने को कह दिया है। हैदराबाद में नवंबर 2019 में 27 साल की महिला वेटनरी डॉक्टर के साथ रेप हुआ था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। महिला डॉक्टर का शव शादनगर में एक पुल के नीचे जली हुई अवस्था में मिला था। मामले में हैदराबाद पुलिस ने चार लोगों का गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन चारों का एनकाउंटर हुआ था।



हालांकि, पुलिस का दावा था कि जब आरोपियों को क्राइम सीन पर ले जाया गया था, तब उन्होंने भागने की कोशिश की, इसके बाद पुलिस ने चारों को एनकाउंटर में मार गिराया था। सिरपुरकर कमीशन ने पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। कमीशन ने कहा, हमारी राय में आरोपियों को जानबूझ गोली मारी गई, ताकि उनकी मौत हो। एनकाउंटर में शामिल पुलिस अफसरों पर क्रिमिनल केस होना चाहिए। इस एनकाउंटर पर काफी सवाल भी उठे थे। एनकाउंटर की जांच करने के लिए कोर्ट द्वारा सिरपुरकर कमीशन का गठन किया गया था।इस कमीशन में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वीएस सिरपुरकर के साथ बॉम्बे हाईकोर्ट की रियायर्ड जज जस्टिस रेखा बालदोता और सीबीआई के पूर्व निदेशक कार्तिकेयन थे।

## वन-टू-वन

### सिंधु थाईलैंड ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंची

**बैंकाक।** भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधु ने क्वार्टरफाइनल में जापान की अकाने यामागुची को तीन गेमों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद 21-15, 20-22, 21-13 से हराया। सिंधु और यामागुची के बीच यह मुकाबला एक घंटे से भी कम समय तक चला। क्वार्टरफाइनल में सिंधु ने पहला गेम आसानी से जीता हालांकि वह दूसरा गेम करीबी मुकाबले में हार गयीं। इसके बाद निर्णायक गेम में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विरोधी खिलाड़ी यामागुची को कोई अवसर नहीं दिया। अब सिंधु का सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फेई से मुकाबला होगा। विश्व रैंकिंग में सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी यामागुची के खिलाफ मिली इस जीत से लाभ हुआ है और उनका करियर रिकार्ड 14-9 हो गया है।

### भारतीय हॉकी टीम एशिया कप के लिए जकार्ता रवाना

**बेंगलुरू।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 मई से शुरु हो रहे एशिया कप के लिए शुक्रवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता रवाना हुई। कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा की यह भारतीय टीम पूल ए में जापान, पाकिस्तान और मेजबान इंडोनेशिया का मुकाबला करेगी। भारतीय अपने अभियान की शुरूआत सोमवार से पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। कप्तान लाकड़ा ने कहा, 'हमारी टीम निश्चित रूप से अपना खिताब बरकरार रखने को लेकर उत्साहित है। एशिया कप काफी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और हमारे कुछ खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरेंगे। टीम में काफी उत्साह बना हुआ है।% उन्होंने कहा, 'भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरू केंद्र में हमारा शिविर काफी कठिन था जिसका लाभ हमें इस टूर्नामेंट में मिलेगा। इस दौरान हर खिलाड़ी ने अपनी कमजोरियों का पता चलने के बाद उन्हें दूर किया। टीम ने हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है ओर कोच से भी उसे महत्वपूर्व सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि एशिया कप में हमारा ध्यान मैच पर ही रहेगा। इसमें पाक के खिलाफ मुकाबला भी शामिल है। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2017 में बांग्लादेश के ढाका में हुए पिछले चरण में मलेशिया को हराकर खिताब जीता था और इस बार भी उसका लक्ष्य अपना खिताब बरकरार रखना रहेगा। इसमें भाग ले रहीं 8 टीमों को दो पुल में बांटा गया है। भारत और पाक की टीम को पुल ए में जगह मिली है। इस पुल में इन दो टीमों के अलावा जापान और मेजबान इंडोनेशिया की टीम है। दूसरे पुल की बात करें तो इसमें बांग्लादेश, मलेशिया, ओमान और दक्षिण कोरिया की टीम को जगह दी गई है।एशिया कप का ये 11वां सत्र होगा। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 जून को खेला जाएगा।

### एम्स में निःशुल्क होगी 300 रुपए तक की मेडिकल जांच

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एम्स) ने 300 रुपए तक की मेडिकल जांच निन्शुक्ल करने की घोषणा की है। एम्स ने इस बाबत आधिकारिक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन मेडिकल जांच को निन्शुल्क करने के बाद हुए राजस्व के नुकसान की भरपाई के लिए एम्स के प्राइवेट वार्ड में कमरों की दरें बढ़ा दी गई हैं। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीके शर्मा के हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार अधोहस्ताक्षरी को यह अधिसूचित करने का निर्देश दिया जाता है कि एम्स के अध्यक्ष ने एम्स के अस्पतालों और सभी केन्द्रों में 300 रुपए तक के सभी मेडिकल जांच को तत्काल प्रभाव से निन्शुक्ल करने को मंजूरी दे दी है। एक अन्य आदेश के अनुसार एम्स के प्राइवेट वार्ड में स्थित ए-क्लास या डिलक्स कमरों के शुल्क को 3,000 रुपए से बढ़ाकर 6,000 रुपए कर दिया गया है और बी-क्लास या सामान्य कमरों के शुल्क को 2,000 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए कर दिया गया है। आदेश के अनुसार भोजन के लिए लगने वाले शुल्क को 200 रुपए प्रतिदिन से बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है।

### कार्स 24 ने 600 कर्मचारियों को निकाला

**मुंबई।** रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के चलते दुनियाभर में महंगाई बढ़ती जा रही है। श्रीलंका समेत कई देशों की आर्थिक हालत खराब हो चुकी है। दूसरी ओर भारत की विकास दर भी कमजोर हो रही है। हाल ही में कई बड़ी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इनमें एजुटेक कंपनी वेदांतु और अनएकेडेमी के बाद अब एक और नाम शामिल हो गया है। जानकारी के मुता?बिक पुरानी कारें बेचने वाली ई-कॉमर्स कंपनी कार्स24 ने 600 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। हालांकि, कंपनी का कहना है कि ये उनके कारोबार का हिस्सा है। वो हर साल परफॉर्मेंस को बेस बनाकर कर्मचारियों की छंटनी करती है। गौरतलब है ?कि यह कंपनी में करीब 9 हजार कर्मचा?रि काम करते हैं, जिनमें से फिलहाल 6.7 फीसदी की छंटनी कर दी गई है। इससे पहले एजुटेक कंपनी वेदांतु ने मई के महीने में ही दो बार अपने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। कुछ दिनों पहले वेदांतु ने 200 कांट्रेक्चुअल और फुल टाइम कर्मचारियों की छंटनी की थी। इसके बाद कंपनी ने 18 मई को अपने 424 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फैसला किया।

### फिच ने श्रीलंका की सॉवरेन रेटिंग घटाई

**कोलंबो।** न्यूयॉर्क की रेटिंग एजेंसी फिच ने कर्ज संकट का सामना कर रहे श्रीलंका की सॉवरेन रेटिंग को घटाकर रेस्ट्रिक्टेड डिफॉल्ट श्रेणी में कर दिया है जिसका मतलब है कि देश चूक की कगार पर है। दरअसल देश 30 दिन की रियायत अवधि के बाद भी अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बांड का भुगतान करने में विफल रहा है।

# मुम्बई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

### शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा मैच




**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स टीम आईपीएल के 15 वें सत्र के अपने अंतिम लीग मैच में शनिवार को मुम्बई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी उतरेगी। इस मैच में अगर टीम हारी तो उसकी संभावनाएं समाप्त हो जाएगी। ऐसे में कप्तान ऋषभ पंत की दिल्ली इस मैच में जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी। वहीं दूसरी ओर कप्तान रोहित शर्मा की मुम्बई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में वह बिना किसी दबाव के उतरेगी पर उसका लक्ष्य अपने अंतिम जीत में जीत दर्ज कर मनोबल बढ़ाना रहेगा। इस सत्र के अब तक के प्रदर्शन पर ध्यान दें तो दिल्ली की टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। उसके पास अच्छी बल्लेबाज व गेंदबाज हैं। वहीं मुम्बई का दावा कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके कप्तान रोहित सहित टीम के अन्य बल्लेबाज भी अब तक नाकाम रहे हैं , इसके अलावा टीम की गेंदबाजी भी कमजोर हुई है।

मुंबई इंडियंस के लिए यह मैच औपचारिकता भर है। ऐसे में वह अर्जुन तेंदुलकर सहित कुछ और युवा खिलाड़ियों को इस मैच में उतार सकती है। कप्तान रोहित ने भी संकेत दिया था कि वे अंतिम मैच में कुछ नये चेहरों को उतारेंगे। इस मैच पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) की भी नजरें रहेंगी। आरसीबी की संभावनाएं इस मैच के परिणाम पर ही निर्भर करेगी। अगर मुम्बई जीतती है तो उसे अंतिम चार में जगह मिलेगी पर अगर दिल्ली कैपिटल्स जीतती है तो वह बाहर हो जाएगी। ऐसे में आरसीबी मुम्बई को जीतते देखना चाहेगी। दिल्ली के 16 अंक हैं और उसका (नेट रन रेट +0.255) है। ऐसे में उसे शीर्ष चार में जगह बनाने के लिये इस मैच में बस मुंबई इंडियंस को हराना होगा। इस प्रकार वह आरसीबी (-0.253) के नेट रन रेट से आगे हो जाएगी। दिल्ली कैपिटल्स को 13 मैचों में से सात में जीत मिली और छह में हार का सामना करना पड़ा। बल्कि पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर मिली जीत से ही उन्हें लगातार दो मैचों में पूरे अंक हासिल हुए। दिल्ली कैपिटल्स की टीम के लिए इस सत्र में गेंदबाजी अधिक प्रभावी नहीं रही। तेज गेंदबाज खलील अहमद (16 विकेट) को छोड़ दें तो यह पूरे सत्र में उतार-चढ़ाव भरा रहा। शार्दुल ठाकुर ने 13 विकेट लिए पर उन्होंने काफी रन दे दिये। सलामी बल्लेबाज के तौर पर इस मैच में पृथ्वी शॉ को अवसर मिलता है या नहीं यह देखना होगा। पिछले मैच में सरफराज खान ने अच्छी शुरुआत की थी , ऐसे में उन्हें ही उतारे जाने की संभावना ज्यादा है। मुम्बई इंडियंस की ओर से इस सत्र में दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा ओर सूर्यकुमार यादव ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है पर सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण सत्र के बीच से ही बाहर हो गये जिसके बाद से टीम की बल्लेबाजी और कमजोर हुई है। कप्तान रोहित और अनुभवी कीरोन पोलार्ड इस मैच में कैसा प्रदर्शन करते हैं यह देखना होगा।

## डिकॉक की तारीफ कर फंसे क्रुणाल पंड्या, फैंस ने जताई हैरानी कहा मैच के बीच कैसे किया जा सकता है ट्वीट?

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में पहुंच गई है। लखनऊ ने केकेआर को 2 रन से हराया। इस मुकाबले में लखनऊ ने निर्धारित ओवर में बिना विकेट गंवाए 210 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कप्तान केएल राहुल के साथ अटूट साझेदारी की। डिकॉक ने 70 गेंदों पर नाबाद 140 रन की शानदार पारी खेली थी। उनकी धमाकेदार पारी की चर्चा हर जगह हो रही है, मगर डिकॉक की पारी की तारीफ करके उनके साथी खिलाड़ी क्रुणाल पंड्या ट्रोलर्स के बीच बुरी तरह से फंस गए। चोट की वजह से क्रुणाल केकेआर के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो गए थे। वह मैदान से बाहर रहकर अपनी लखनऊ टीम का उत्साह बढ़ा रहे थे। डिकॉक ने जैसे ही अपना शतक पूरा किया। पंड्या ने उन्हें बधाई दी, मगर उन्होंने यह बधाई ट्वीट करके दी। बस फिर क्या था वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। क्रुणाल पंड्या ने रात 9 बजकर 16 मिनट पर ट्वीट किया था, उस समय मुकाबला चल रहा था। ऐसे में मुकाबले के दौरान उनके ट्वीट करने पर लोगों ने सवाल खड़े कर दिए। लोगों ने पूछा कि मुकाबले के दौरान वह फोन कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं एक फैन ने कहा कि मुकाबले के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है, जबकि एक खिलाड़ी टीम का हिस्सा है। क्या हाल में नियम बदले हैं दरअसल स्टेडियम के आने के बाद खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ से मोबाइल फोन या अन्य कोई भी कम्यूनिकेशन डिवाइस ले ली जाती है और मुकाबला खत्म होने के बाद ही उन्हें वापस दी जाती है। नियमानुसार मैच के दौरान खिलाड़ी और मैच अधिकारियों का संचार उपकरण अपने पास रखना प्रतिबंधित है। आईसीसी के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को इंटरनेट से भी जुड़े संचार उपकरण को अपने पास रखने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

## जीटी टीम के मैथ्यू वेड को ड्रेसिंग रूम में तोड़फोड़ करने पर बीसीसीआई ने लगाई कड़ी फटकार




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 में चल रही स्पर्धाओं में टीम गुजरात टाइटंस (जीटी) के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को बीसीसीआई की ओर से फटकार लगाई गई है क्योंकि उन्होंने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2022 के 67वें मैच में आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। दोनों टीमों के बीच यह मैच मुंबई के वानखड़े स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें बैंगलोर ने गुजरात को 8 विकेट से पीटकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। वेड को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। वेड ने मुकाबले में 13 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए। दरअसल, ये मैच में आरसीबी की ओर से ग्लेन मैक्सवेल छठा ओवर लेकर आए, जिनके ओवर की दूसरी गेंद पर मैथ्यू वेड ने स्वीप लगाने का प्रयास किया, लेकिन गेंद बल्ले का मामूली सा किनारा लेकर पैड पर लगी और ऑन साइड की ओर चली गई। मैथ्यू वेड रन दौड़ पड़े, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने अपील कर दी और अंपायर ने उन्हें आउट करार दे दिया। इसके बाद मैथ्यू वेड ने तुरंत अपना बल्ला दिखाकर डीआरएस की मांग कर दी कि उनका बल्ला गेंद पर लगा है। थर्ड अंपायर ने फुटेज में पाया कि बैट और बॉल का संपर्क हुआ है, लेकिन अल्ट्राएज में देखा तो उसमें कोई हरकत नहीं थी। ऐसे में अंपायर ने बाकी का काम करके उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट करार देने का फैसला किया। इसके बाद क्या था मैथ्यू वेड भड़क उठे। मैदान से बाहर जाते समय उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। मैथ्यू वेड यहीं नहीं रुके, उन्होंने ड्रेसिंग रूम में जाते समय सबसे पहले तो अपना हेलमेट दे मारा और फिर अपने बल्ले को मेज पर दे मारा। गुजरात की टीम के साथी खिलाड़ियों ने उनको समझाने की कोशिश की और उनको रोका।

### विराट को निडर होकर खेलने की जरुरत : शास्त्री

**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि विराट कोहली को निडर होकर खेलने की जरुरत है। शास्त्री के अनुसार अगर विराट पारी शुरु करते हैं तो उन्हें किसी भी प्रकार के दबाव में नहीं आना चाहिये। मेरा यह भी मानना है विराट का समय सही नहीं चल रहा है। इस कारण किस्मत उनका साथ नहीं दे रही है। कोहली ने आईपीएल के इस सत्र में अबतक केवल 236 रन ही बनाए हैं, जिसमें केवल एक अर्धशतक है। वह तीन बार मैच की पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। इसके अलावा इस सत्र में वह जिस प्रकार आउट हुए हैं उससे लगता है कि भाग्य उनका साथ नहीं दे रहा है। शास्त्री ने कहा कि कोहली को ये सोचना चाहिए कि मैं मेहनत कर रहा हूं, मैं उन सभी कामों को कर रहा हूं जो एक खिलाड़ी के लिए ज़रूरी है, उसके बाद भी रन नहीं बन रहे हैं पर यह हमेशा नहीं होगा। आने वाले समय में एक बार फिर रन बनाएंगे।

## डिकॉक की तारीफ कर फंसे क्रुणाल पंड्या, फैंस ने जताई हैरानी कहा मैच के बीच कैसे किया जा सकता है ट्वीट?

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में पहुंच गई है। लखनऊ ने केकेआर को 2 रन से हराया। इस मुकाबले में लखनऊ ने निर्धारित ओवर में बिना विकेट गंवाए 210 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कप्तान केएल राहुल के साथ अटूट साझेदारी की। डिकॉक ने 70 गेंदों पर नाबाद 140 रन की शानदार पारी खेली थी।

उनकी धमाकेदार पारी की चर्चा हर जगह हो रही है, मगर डिकॉक की पारी की तारीफ करके उनके साथी खिलाड़ी क्रुणाल पंड्या ट्रोलर्स के बीच बुरी तरह से फंस गए। चोट की वजह से क्रुणाल केकेआर के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो गए थे। वह मैदान से बाहर रहकर अपनी लखनऊ टीम का उत्साह बढ़ा रहे थे। डिकॉक ने जैसे ही अपना शतक पूरा किया। पंड्या ने उन्हें बधाई दी, मगर उन्होंने यह बधाई ट्वीट करके दी। बस फिर क्या था वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। क्रुणाल पंड्या ने रात 9 बजकर 16 मिनट पर ट्वीट किया था, उस समय मुकाबला चल रहा था। ऐसे में मुकाबले के दौरान उनके ट्वीट करने पर लोगों ने सवाल खड़े कर दिए। लोगों ने पूछा कि मुकाबले के दौरान वह फोन कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं एक फैन ने कहा कि मुकाबले के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है, जबकि एक खिलाड़ी टीम का हिस्सा है। क्या हाल में नियम बदले हैं दरअसल स्टेडियम के आने के बाद खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ से मोबाइल फोन या अन्य कोई भी कम्यूनिकेशन डिवाइस ले ली जाती है और मुकाबला खत्म होने के बाद ही उन्हें वापस दी जाती है। नियमानुसार मैच के दौरान खिलाड़ी और मैच अधिकारियों का संचार उपकरण अपने पास रखना प्रतिबंधित है। आईसीसी के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को इंटरनेट से भी जुड़े संचार उपकरण को अपने पास रखने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है। ऐसे में मैच के दौरान डिकॉक को बधाई देने पर पंड्या बुरी तरह से ट्रोल होने लगे। हालांकि ज्यादातर इससे वाकिफ हैं कि कुछ खिलाड़ियों के ट्विटर हैंडल को उनकी सोशल मीडिया टीम देखती हैं।

## इंडोनेशिया पाम तेल पर प्रतिबंध हटाएगा, खाने का तेल होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** लगातार तेजी से बढ़ रही महंगाई से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल, बहुत जल्द खाने के तेलों की कीमतें कम हो सकती हैं। इसकी वजह यह है कि इंडोनेशिया ने बीते दिनों लगाया पाम ऑयल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। इस संबंध में सामने आई एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडोनेशिया ने 23 मई से पाम ऑयल पर लगे प्रतिबंध को हटाने का ऐलान कर दिया है। पिछले दिनों देश के कारोबारी नेताओं ने राष्ट्रपति से निर्यात प्रतिबंधों को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद ये बड़ा फैसला लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक निर्यात पर प्रतिबंध के बाद से देश में स्टॉक फुल हो चुका है, अगर प्रतिबंध जारी रहे तो इस क्षेत्र को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि पाम ऑयल के सबसे बड़े उत्पादक देश इंडोनेशिया की सरकार ने बीते 28 अप्रैल को पाम ऑयल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडोनेशिया में बंदरगाहों सहित लगभग छह मिलियन टन स्टोरेज क्षमता है। वहीं प्रतिबंध के बाद घरेलू स्टॉक मई की शुरुआत में ही लगभग 5.8 मिलियन टन तक पहुंच गया। इंडोनेशिया पाम ऑयल एसोसिएशन के जारी आंकड़ों को देखें तो मार्च के आखिर में घरेलू स्टॉक फरवरी के 5.05 मिलियन टन से बढ़कर 5.68 मिलियन टन हो गया था। फिर निर्यात बैन होने के बाद स्टॉक लगभग फुल हो चुका है। गौरतलब है कि इंडोनेशिया आमतौर पर घरेलू स्तर पर अपने वार्षिक पाम तेल उत्पादन का केवल 35 फीसदी ही उपयोग करता है। इसका उपयोग ज्यादातर भोजन और ईंधन के लिए किया जाता है। वहीं भारत की पाम ऑयल को लेकर इंडोनेशिया पर अधिक निर्भरता है, ऐसे में निर्यात पर प्रतिबंध हटने से देश में राहत मिल सकती है। भारत अपनी जरूरत का 70 फीसदी पाम ऑयल इंडोनेशिया से ही आयात करता है। जबकि 30 फीसदी का आयात मलेशिया से होता है। वित्त वर्ष 2020-21 में भारत ने 83.1 लाख टन पाम ऑयल का आयात किया था।

# इस साल गेहूं की पैदावार तीन फीसदी घटकर 10.64 करोड़ टन रहने का अनुमान

### चावल की पैदावार भी इस वर्ष 12.96 करोड़ टन रहेगी जबकि यह पिछले साल 12.43 करोड़ टन थी



**नई दिल्ली।** कृषि मंत्रालय ने कहा है कि इस साल गेहूं की पैदावार में गिरावट आ सकती है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नए अनुमान के मुताबिक, भारत में गेहूं की पैदावार फसल वर्ष 2021-22 जुलाई से जून में इससे पिछले फसल वर्ष से 3 फीसदी गिरकर 10.64 करोड़ टन रहने वाली है। फसल वर्ष 2020-21 में गेहूं की पैदावार 10.95 करोड़ टन रही थी। यह सरकार के इस साल के लिए खुद के अनुमान 11.32 करोड़ टन से 4.61 फीसदी कम है। कृषि मंत्रालय फसल कटाई के अलग-अलग चरणों में 3 अनुमान जारी करता है। इसके बाद आखिर में फसल उत्पादन का अंतिम डेटा जारी किया जाता है। कृषि सचिव मनोज अहुजा ने कहा है कि गेहूं की पैदावार में गिरावट का एक बड़ा कारण यह है कि हीट वेव की वजह से हरियाणा और पंजाब में अच्छी फसल नहीं हुई है। उन्होंने कहा है कि गेहूं का उत्पादन इस साल गिरकर 10.5-10.6 करोड़ टन रह सकता है। मंत्रालय द्वारा जारी नए अनुमानों में गेहूं के अलावा कपास और मोटे अनाज की पैदावार में भी कुछ कमी देखने को मिल सकती है। हालांकि, अन्य अनाजों व नकदी फसलों की बात करें तो इनका उत्पादन पिछले साल से बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान के अनुसार, चावल की पैदावार इस फसल वर्ष में 12.96 करोड़ टन रहेगी जबकि यह पिछले साल 12.43 करोड़ टन थी।

# सेबी की फ्रंट रनिंग धोखाधड़ी पर कड़ी नजर, फंड हाउसेज़ और ब्रोकरेज फर्मों पर कसेगी शिकंजा

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार की शीर्ष नियामक संस्था सेबी ने म्यूचुअल फंडों और ब्रोकरेज फर्मों के कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले संभावित फ्रंट रनिंग को रोकने के लिए नया तरीका निकाला है। इसके लिए सेबी अपने डेटाबेस का इस्तेमाल कर रहा है। हाल के दिनों में सेबी को फ्रंट रनिंग की कई शिकायतें मिली हैं। सेबी उन सबकी जांच कर रहा है। सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि फ्रंट रनिंग है क्या बला। दरअसल, बड़े म्यूचुअल फंड हाउस के कर्मचारी किसी स्टॉक में पैसा डालने से पहले खुद उसमें पैसा डाल लेते हैं और जब बड़े फंड हाउस का पैसा लगता है तो शेयर ऊपर जाता है। जब शेयर ऊपर जाता है तो ये लोग अपना मुनाफा निकाल लेते हैं। यह एक तरह की धोखाधड़ी है।

इसी कड़ी में ऐक्सिस म्यूचुअल फंड के भी दो फंड मैनेजरों पर फ्रंट रनिंग का आरोप लगा है। सेबी इसकी भी जांच कर रहा है। इसमें से एक फंड मैनेजर वीरेश जोशी को एक्सिस म्यूचुअल फंड ने बर्खास्त




कर दिया है। ऐक्सिस एमएफ की ओर से यह जानकारी दी गई है। जोशी की बर्खास्तगी 18 मई, 2022 से प्रभावी हो गई है। दूसरे आरोपी फंड मैनेजर दीपक अग्रवाल हैं जो अभी निलंबित हैं। सूत्रों का कहना है कि फंड हाउसों द्वारा शेयरों की खरीद के दिन उन शेयरों में हुए उतार-चढ़ाव पर नजर रखने के लिए सेबी अपने डेटाबेस का उपयोग कर रहा है, ताकि फ्रंट रनिंग का पता चल सके। फंड मैनेजरों और ट्रेडरों द्वारा फ्रंट रनिंग किया जाना कोई नई बात नहीं है। पहले इसमें सबसे बड़ी समस्या यह थी कि फ्रंट रनिंग का पता लगाया जाए और फिर उसे साबित किया जाए। पिछले कुछ महीनों से सेबी अपने डेटा ट्रोव पर इंटेलिजेंस आर्टिफिशयल का इस्तेमाल कर रहा है ताकि फंडों द्वारा स्टॉक की खरीद के दिन उस स्टॉक में हुए बदलाव या उतार-चढ़ाव की पहचान की जा सके।

इस तरीके के इस्तेमाल से सेबी अब पूरी तरह से इस बात से वाकिफ हो गया है कि म्यूचुअल फंडों और कभी-कभी ब्रोकरेज फर्मों के कर्मचारियों द्वारा फ्रंट रनिंग किया जा रहा है। सेबी के करीबी सूत्रों का कहना है कि अपने आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद बाजार नियामक सरकार से इस संबंध में अधिकार देने के लिए संपर्क कर सकता है। फ्रंट रनिंग में फंड मैनेजर अपने डीमैट खातों के जरिये शेयरों को खरीदने या बेचने में शामिल हो सकता है।

## एयर इंडिया महाराजा से मिलने वाली चुनौतियों के लिए तैयार इंडिगो

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के टाटा ग्रुप के हाथों में आने के बाद देश की एयरलाइंस इंडस्ट्री में खलबली मची है। महाराजा का चेहरा चमकाने के लिए टाटा ग्रुप व्यापक योजना बना रहा है। योजना को अमली जामा पहनाने के लिए एविएशन सेक्टर के दिग्गज न्यूजीलैंड के कैंपबेल विल्सन को एयर इंडिया का सीईओ और एमडी बनाया गया है। एयर इंडिया से मिलने वाली संभावित चुनौती से दूसरी एयरलाइन कंपनियों के कान खड़े हो गए हैं। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने चुनौती को गंभीरता से लिया है। कंपनी ने केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस के प्रेजिडेंट और सीईओ पीटर्स एल्बर्स को नया सीईओ बनाया है। 52 साल के एल्बर्स इसी साल एक अक्टूबर से इंडिगो की कमान संभालने वाले हैं। वह रोनोजय दत्ता की जगह लेने वाले हैं। 71 साल के दत्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और वह 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। जाहिर है कि टाटा ग्रुप और इंडिगो के बीच मुकाबले का स्टेज सज चुका है। टाटा ग्रुप के पास एयर इंडिया सहित चार एयरलाइन कंपनियां हैं। 50 साल के विल्सन को एविएशन इंडस्ट्री में 26 साल का अनुभव है। अभी वह सिंगापुर एयरलाइंस की किफायती विमान सेवा स्कूट के सीईओ हैं। मतलब साफ है कि टाटा ग्रुप और इंडिगो के बीच वर्चस्व की लड़ाई दो विदेशी महारथियों की अगुवाई में लड़ी जाएगी। इंडिगो अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर अपना विस्तार करना चाहती है, जबकि विल्सन की जिम्मेदारी एयर इंडिया को उसका पुराना गौरव दिलाने की है। टाटा ने महाराजा को उसका पुराना गौरव लौटाने के लिए व्यापक योजना बनाई है।

# फिल्म ओह माय गॉड 2 में दिखेंगी यामी गौतम



दिलकश अभिनेत्री यामी गौतम अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस अभिनेत्री ने फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर से 4 जून को शादी रचाई है। अब यामी की झोली में एक और खुशी आई है। खबरों की मानें तो वह अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ओह माय गॉड 2 में नजर आने वाली हैं। ओह माय गॉड 2012 में आई एक जबरदस्त कॉमेडी फिल्म थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और पंकज की फिल्म ओह माय गॉड 2 में यामी फीमेल लीड भूमिका में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यामी का किरदार फिल्म की कहानी के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है। एक सूत्र ने कहा, फिल्म का पिछला भाग भगवान के साथ एक आदमी की लडाई से संबंधित था। इस बार मेकर्स एक अनोखी कहानी के साथ आएंगे जिसमें पंकज, अक्षय और यामी अहम भूमिकाओं में दिखेंगी।

सूत्र ने बताया कि यामी अक्षय के साथ इस सीचल फिल्म में काम करने के लिए काफी उत्सुक हैं। यह पहली बार होगा जब यामी अक्षय के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगी। सूत्र ने कहा, मेकर्स ओह माय गॉड को इसके ब्रैंड के पैमाने पर बनाते, तो अब तक इस फ्रेंचाइजी की पांच फिल्में बन गई होती। हमारी टीम इस बात को लेकर आश्वस्त थी कि यदि हम कहानी से संतुष्ट होंगे तभी इसके अगले भाग पर काम करेंगे।

फिल्मों के अलावा यामी फिलहाल अपनी वैवाहिक जिंदगी को लेकर लाइम लाइट में बनी हुई हैं। यामी और आदित्य की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यामी और आदित्य की इस शादी में केवल परिवार के लोगों की मौजूदगी रही। यह शादी पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ हिमाचल प्रदेश में मंडी में हुई है। आदित्य की 2019 में आई सुपरहिट फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में विक्की कौशल के साथ यामी अहम भूमिका में नजर आई थीं।

ओह माय गॉड में अक्षय के साथ परेश रावल को दमदार भूमिका में देखा गया था। अब फिल्म के सीचल में अक्षय के साथ अभिनेता पंकज त्रिपाठी नजर आएंगे। खबरों की मानें तो फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी अमित राय के कंधे पर होगी। इस फिल्म की शूटिंग आगामी सितंबर से होने की उम्मीद है। फिल्म को अक्षय और अश्विन वर्दे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभी फिल्म के प्री प्रोडक्शन पर काम चल रहा है।

बीते जनवरी में खबर आई थी कि फिल्म का सीचल का काम प्रगति पर है। ओह माय गॉड को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया था और वह इस सीचल से नहीं जुड़ेंगे। ओह माय गॉड 2 में पंकज ने परेश को रिप्लेस किया है। पंकज के साथ यह अक्षय की दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों फिल्म बच्चन पांडे में साथ काम कर चुके हैं। ओह माय गॉड 2 शुरू करने से पहले अक्षय फिल्म रक्षाबंधन की शूटिंग पूरी करेंगे।

2012 में रिलीज हुई ओह माय गॉड एक गुजराती नाटक पर आधारित है, जिसका नाम है कांजी वर्सेस कांजी। फिल्म अंग्रेजी फिल्म द मैन हू स्यूड गॉड से भी प्रेरित थी। यह एक गुजराती व्यवसायी की कहानी है, जो नास्तिक होता है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब वह भगवान के अस्तित्व को साबित करने के लिए अदालत में जाता है। फिल्म ने इस बात पर प्रकाश डाला कि धर्म, जाति और अन्य भेदभाव इंसान ने ही बनाए हैं।

## फिल्म में रणवीर सिंह और कटरीना कैफ की बनेगी जोड़ी?



कोरोना महामारी के चलते महाराष्ट्र में लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगी थीं लेकिन सरकार ने जैसे ही अनलॉक की प्रक्रिया शुरू की तब से बॉलिवुड सिलेब्स दोबारा से अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए तैयार हो गए। इसी बीच कटरीना कैफ, रणवीर सिंह, डायरेक्टर रीमा कागती और अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा को फिल्ममेकर जोया अख्तर के घर के बाहर स्पॉट किया गया। इसके बाद से अटकलें शुरू हो गईं कि किसी फिल्म की तैयारी हो रही है। सूत्रों ने बताया, रणवीर सिंह, रीमा कागती और श्वेता बच्चन नंदा पहले से ही जोया अख्तर के घर पर थे। कटरीना कैफ ने बाद में इन लोगों को जॉइन किया। इन सभी की करीब डेढ़ घंटे मीटिंग चली। जोया अख्तर से घर से निकलते वक्त पपाराजियों ने इन सभी को अपने कैमरे में कैद किया। इसके बाद से ही कयास लगाए जाने लगे कि एक नए प्रॉजेक्ट में ये सभी के काम करने वाले हैं। हालांकि, फैंस को आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना पड़ेगा। कटरीना कैफ के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी पाइप लाइन में कई फिल्में हैं। कटरीना कैफ फिल्म 'टाइगर 3' में सलमान खान के साथ, फिल्म 'सूर्यवंशी' में अक्षय कुमार के साथ, फिल्म 'फोन भूत' में ईशान खट्ट और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ काम करती नजर आएंगी।

# अजय देवगन की फिल्म कैदी में काजल अग्रवाल की हुई एंट्री



सुपर स्टार अजय देवगन तानाजी के अपार सफलता के बाद दोबारा ऑन स्क्रीन देखने के लिए फैंस बेताब है। यह अपनी आने वाली कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं इसके साथ ही उनकी फिल्म मैदान की रिलीज पर भी लोग आंख गड़ाए बैठे हैं। लेकिन अभी इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन इस बात को कोई झुठला नहीं सकता कि अजय देवगन बॉलीवुड के बहुत ही मेहनती अभिनेता है इनकी भले ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज ना हो लेकिन एक न एक फिल्म साइन करते रहते हैं और अपने फैंस को यह एक एक खुशखबरी देते रहते हैं आए दिन या सोशल मीडिया पर अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा का विषय बने रहते हैं खबरों की मानें तो सुपर स्टार अजय देवगन तमिल फिल्म कैथी में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन का नाम इस फिल्म के लिए सबसे ज्यादा चर्चा में है। खबरों की मानें तो फिल्म में अजय देवगन कार्तिक का किरदार पर्दे पर निभाते हुए दिखाई देने वाले हैं। यह एक क्राइम एक्शन फिल्म है वैसे तो वर्जिनल फ़िल्म को हिंदी में भी रिलीज किया गया है। लेकिन फिर भी इस फिल्म को हिंदी में रेकरेट करने की तैयारी की जा रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के लिए लीड एक्ट्रेस के नाम को लेकर भी खबर सामने आ रहे हैं। वर्जिनल फिल्म कार्तिकेय ऑपोजिट कोई भी लीड एक्ट्रेस नहीं थी लेकिन हिंदी दर्शकों के हिसाब से फिल्म को दोबारा बनाने के लिए निर्माताओं को मूल स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव किए हैं। इसमें अजय देवगन के ऑपोजिट एक्ट्रेस की तलाश भी की जा रही थी ताजा रिपोर्ट की मानें तो निर्देशक साउथ फिल्म की खूबसूरत अप्सरा काजल अग्रवाल को साइन किए हैं लेकिन इसकी कोई भी अधिकारी जानकारी सामने नहीं आई है।



## प्रदूषण जानलेवा

भारत में हर तरह के प्रदूषण के कारण वर्ष 2019 में दुनिया में सर्वाधिक 23.5 लाख से ज्यादा समय पूर्व मौतें हुई हैं। इसमें से 16.7 लाख मौतें सिर्फ वायु प्रदूषण के चलते हुई हैं। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है। अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण से हुई मौतों में से भी सर्वाधिक 9.8 लाख मौतें आबोहवा में घुले धूल के कणों से प्रदूषण के कारण हुईं। हवा में मौजूद ये छोटे प्रदूषण कण ढाई माइक्रोन या उससे कम चौड़ाई के होते हैं। वायु प्रदूषण के कारण हुई शेष 6.1 लाख मौतें घरेलू वायु प्रदूषण की वजह से हुईं। विश्व स्तर पर देखें तो 2019 में प्रदूषण के कारण 90 लाख मौतें हुई हैं। यह संख्या दुनियाभर में हर छह मौतों में से एक के बराबर है। इन 90 लाख मौतों में से 66.70 लाख मौतों की वजह घरेलू प्रदूषण व वातावरण में फैले प्रदूषण है। देश में अगर हर महीने लगभग दो लाख से ज्यादा मौतें सिर्फ वायु प्रदूषण के कारण हो रही हों, तो यह वाकई चौंकाने वाली बात है। इसे सुन कर किसी को भी फिक्र हो सकती है। वायु प्रदूषण से पैदा रोगों से होने वाली मौतों को लेकर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने मिल कर देश में एक अध्ययन कराया था। इसमें पता चला था कि राजधानी दिल्ली में रोजाना 34 लोग ऐसी बीमारियों से मर रहे हैं जो हवा के जहरीली होने से हो रही हैं। इन बीमारियों में सांस नली और फेफड़े के संक्रमण और कैंसर, दिल का दौरा और मधुमेह जैसी बीमारियां हैं। पिछले साल देश भर में वायु प्रदूषण की वजह से 12 लाख लोग मारे गए। इनमें करीब सात लाख लोग दूषित हवा और पांच लाख से ज्यादा लोग घर में होने वाले प्रदूषण की वजह से मारे गए थे। ये आंकड़े यह साबित करने के लिए पर्याप्त हैं कि प्रदूषण से निपटने के मोर्चे पर हमारा तंत्र विफल रहा है। हालात देख कर तो यही लग रहा है कि इस समस्या से निपटने के लिए सरकारों ने अपने को एक तरह से लाचार घोषित कर डाला है। वरना इसकी वजह से होने वाली मौतों का आंकड़ा लाखों में नहीं होता। वायु प्रदूषण को लेकर पिछले कुछ सालों में जिस तरह से सर्वोच्च अदालत तक चिंता जाहिर कर चुका है, वह हालात की गंभीरता को बयान करता है। दिल्ली में हर साल ऐसी स्थिति पैदा होना सामान्य बात हो गई है जब पूरा महानगर और इससे सटे शहर धुएं की चादर में लिपट जाते हैं। वायु प्रदूषण से निपटने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कड़ा रुख अख्तियार किया और सरकारों व संबंधित महकमों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। लेकिन स्थिति जिस तेजी से भयावह होती जा रही है, उसे देखते हुए लग रहा है कि प्रदूषण रोकने की सारी कवायद बेअसर साबित हो रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए सरकार के पास कोई ठोस और दूरगामी योजना नहीं है। दिल्ली में सालों से कचरे के पहाड़ खड़े हैं और इनमें जब-तब आग लगती रहती है। इससे उठने वाला धुआं कई किलोमीटर की परिधि को अपने दायरे में ले लेता है। वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण डीजल से चलने पांच लाख से ज्यादा ऐसे वाहन हैं जिनकी अवधि खत्म हो चुकी है। लेकिन इन गाडियों के सड़कों पर आने से रोक पाने में सरकार लाचार साबित हुई है। दिल्ली के रिहायशी इलाकों में चलने वाली लघु उद्योग इकाइयों पर कोई लगाम नहीं लग पाई है। मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक, ओडिशा उन राज्यों में हैं जहां घरेलू वायु प्रदूषण लोगों के लिए ज्यादा घातक सिद्ध हो रहा है। सबसे बड़ी समस्या घरों में इस्तेमाल होने वाला ईंधन और स्वच्छता है। इन राज्यों में आज भी लोग कोयले, लकड़ी, किरासन जैसे ईंधन का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं।

# राजीव गांधी के हत्यारे की रिहाई, दम टूट गया न्याय का!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

देश दुनिया ही नही भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे का यूं बच निकलना बेहद शर्मनाक है।इसके लिए दोषी कौन है,यह तो सर्वविदित है लेकिन इन दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही क्यो नही हुई यह भी सवाल उठना लाजमी है।शिथिल न्याय प्रणाली के चलते यह पहला मामला नही है जिसमे दोषसिद्ध हत्यारा रिहा हुआ हो,लेकिन इस लचर प्रणाली में सुधार कब और कौन करेगा,इसका जवाब किसी के पास नही है।सच मे कितनी अजीब न्याय व्यवस्था है जहां पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती है, मगर हत्या के 31 साल बाद भी किसी को फांसी नहीं हो पाती है। जबकि 23 साल पहले फांसी की सजा का ऐलान भी हो गया था, मगर 4 दोषियों के लिए वो फंदा नहीं तैयार हो पाया, जिससे सजा पूरी की जा सके। सालों तक दया याचिका पर कोई निर्यण ना होना। अंततः सुप्रीम कोर्ट द्वारा राजीव गांधी की हत्या के दोषियों में से एक दोषी ए.जी पेरारीवलन की रिहाई का आदेश दे देना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 21 मई सन 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में हत्या की गई थी।उसके बाद शुरू हुई न्यायिक कार्रवाईयों को चलते हुए तीन दशक से ज्यादा का समय हो चुका है। राजीव गांधी की हत्या के दोषी ए.जी. पेरारीवलन की रिहाई का रास्ता सुप्रीम कोर्ट के द्वारा खोल दिया गया। पेरारिवलन पर आरोप था कि हत्याकांड में जिस आत्मघाती जैकेट का इस्तेमाल हुआ था, उसमें लगने वाली बैटरी पेरारिवलन ने सप्लाई की थी। 9 वोल्?ट की बैटरी कोर्ट में साबित भी हो गई कि पेरारिवलन ने हत्या के मास्?टरमाइंड शिवरासन को बैटरी खरीदकर दी थी।जिस समय ये घटना हुई पेरारिवलन 19 साल का था। उसने आईटीआई पास की हुई थी। वह पिछले 31 सालों से सलाखों के पीछे था और अपनी फांसी का इंतजार कर रहा था।

सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के विशेषाधिकार के तहत उसकी रिहाई का फैसला दिया है। संविधान में सुप्रीम कोर्ट को अनुच्छेद 142 के रूप में खास शक्ति मिली है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को पूर्ण न्याय देने के लिए कोर्ट जरूरी निर्देश दे सकता है। संविधान के अनुच्छेद 142 के मुताबिक जब तक किसी अन्य कानून को लागू नहीं किया जाता तब तक सुप्रीम कोर्ट का आदेश सर्वोपरि होगा।इसके तहत कोर्ट ऐसे फैसले दे सकता है, जो लंबित पड़े किसी भी मामले को पूर्ण करने के लिए जरूरी हों।

### 21 मई सन 1991 को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

जिंदाबाद के नारों के बीच दो अनजानी महिलाएं थी।एक मानव बम धनु और दूसरी उसकी बैकअप शुभा। प्लान था कि अगर धनु नाकाम होती है तो शुभा इस काम को अंजाम देगी। एक तीसरी महिला भी थी, अथिराई जो दिल्ली के मोतीबाग इलाके में थी।जो प्लान का तीसरा हिस्सा था।अगर धनु और शुभा दोनों नाकाम होती तो दिल्ली में अथिराई राजीव गांधी पर हमला करती। रैलीस्थल पर डी घेरे की सुरक्षा में तैनात दारोगा अनसुइया को वीआईपी पास लिए धनु का हाव भाव और परिधान देख शक हुआ था, वो उसे पीछे धकेल देती हैं। थोड़ी देर बाद राजीव गांधी की एंट्री हुई तो धनु ने फिर घेरे में घुसने की कोशिश की। अनसुनइया ने धनु का हाथ पकड़ रोक रखा था।उधर से राजीव गांधी की आवाज आती है,उन्होंने कहा सभी को आने दीजिए। धनु आगे बढ़ी, राजीव गांधी को चंदन की माला पहनाई, उनके पैर छूने के लिए



झुकी, जैसे ही राजीव गांधी उसे झुककर ऊपर उठाने लगे,ब्लास्ट हो गया। जोर की आवाज के साथ चीख-पुकार और अंतहीन सन्नाटाज़। धुआं छटा तो लाशें बिछ चुकी थी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के अलावा धरमन, पुलिस कॉन्स्टेबल

**सांथनी बेगम, महिला कांग्रेस नेता**

**राजगुरु, पुलिस इंस्पेक्टर**

**चंद्रा, पुलिस कॉन्स्टेबल**

**एडवर्ड जोसफ, पुलिस इंस्पेक्टर**

मोहम्मद इकबाल, पुलिस सुप्रीटेंडेंटलता कनन, महिला कांग्रेस नेताकोकिलावानी, लता कनन की बेटीडायरिल पीटर्स- ऑब्जर्वर मुन्नूस्वामी, पूर्व विधायक सरोजा देवी, कॉलेज स्टूडेंट प्रदीप गुप्ता, पीएसओ, राजीव गांधी इथिराजू

**मुरुगन, पुलिस कॉन्स्टेबल**

**रविचंद्रन, ब्लैक कैट कमांडो**

की जान जा चुकी थी।मानव बम धनु भी मारी गई थी। राजनीतिक उथल-पुथल के माहौल में एसआईटी गठित हुई। गिरफ्तारियां हुई। एनकाउंटर भी हुआ।सीबीआई को जांच सौंप दी गई।दर्जनों गिरफ्तार किए गए। तीसरी लड़की अथिराई को दिल्ली से पकड़ा गया। शुभा और मास्टरमाइंड शिवरासन की तलाश शुरू हुई। मगर जब तक पुलिस उनके पास पहुंचती। शुभा ने जान दे दी और शिवरासन ने खुद को गोली मार ली। बाकी आरोपियों को पकड़ कर ट्रायल चलाया गया।सुरक्षा में खामी की जांच जस्टिस जे. एस. वर्मा आयोग ने की। रिपोर्ट आई तो पाया कि सुरक्षा व्यवस्था तो ठीक थी, मगर पार्टी की स्थाई ईकाई ने सुरक्षा व्यवस्था के मानकों का पालन नहीं किया था। सीबीआई ने ये साबित कर दिया था कि हत्या और साजिश को अंजाम आतंकी संगठन लिट्टे ने दिया था।आखिर स्पेशल कोर्ट ने 26 आरोपियों को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई। इसमें मुख्य आरोपी थे मुरुगन, पेरारीवलम, सांतन, नलिनी, रॉबर्ट पायर्स, जयकुमार और आर रविचंद्रन।सन 1999 में इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया। कइयों की रिहाई हुई। सिर्फ सातों की फांसी की सजा बरकरार रही।आगे चलकर इनमें से नलिनी की फांसी को सोनिया गांधी ने खुद ह्ययूनटेरियन ग्राउंड पर माफ कराया।सन 2008 में प्रियंका गांधी नलिनी से वेल्लोर जेल में जाकर मिली थीं। डीआईजी अमोद कांथ का कहना है कि हत्या करने वाले ज्यादातर लोग मारे जा चुके थे। अब ट्रायल उन लोगों पर चल रहा था, जिनपर षड्यन्त्र में शामिल होने का आरोप था। सीबीआई को ये केस खोलने में सबसे ज्यादा मदद एक कैमरे से मिली।

## अकर्मण्य न बनें

एक कहानी है। एक राजा था। उसे मंत्री की नियुक्ति करनी थी। वह नियुक्ति से पूर्व परीक्षा करना चाहता था। पांच-सात व्यक्ति आए। उसने सबको एक कमरे में बिठाकर कहा, आप सब यहां बैठें। मैं कमरे के बाहर ताला लगा देता हूं। जो भी ताले को खोलकर बाहर निकल आएगा, उसे मंत्री बनाऊंगा। सबने सुना-सोचा- कितनी विचित्र परीक्षा। दरवाजा बंद। बाहर से ताला बंद और भीतर वालों से कहे कि बाहर आओ। यह असंभव है। छह व्यक्तियों ने सोचा, राजा पागल हो गया है। यह भी कोई परीक्षा होती है! दूसरे प्रकार से भी परीक्षा ली जा सकती थी। बाहर जाना कैसे संभव हो सकता है? वे हाथ पर हाथ रख बैठे रहे। कुछ पराप्रम नहीं किया। सातवां व्यक्ति अकर्मण्य नहीं था, पुरूषार्थी था। उसने सोचा, जरूर इस शर्त में कोई रहस्य है। राजा ?सी शर्त क्यों रखता? मुझे अपना पुरूषार्थ करना है। वह उठा। दरवाजे के पास गया। उसे जोर से ढकेला, वह खुल गया। उसने बाहर आकर राजा का अभिवादन किया। दरवाजे पर कोई ताला लगाया ही नहीं था, केवल सबको भुलावे में रखा था। राजा जानना चाहता था कि कौन कर्मण्य है और कौन अकर्मण्य। उन्होंने सोचा, जब बाहर ताला है तब दरवाजा कैसे खुलेगा? इसी भ्रम ने उन्हें अकर्मण्य बना डाला। वे बाजी हार गए। जिसने पुरूषार्थ किया, कर्मण्यता का परिचय दिया, वह जीत गया। वह मंत्री बन गया। साधना का क्षेत्र निर्विघ्न नहीं है। उसमें अनेक भुलावे हैं। उन भुलावों से साधक यदि अकर्मण्य बन साधना को भुला देता है तो साधना से भटक जाता है।

## क्या चिंतन के बाद कम होगी कांग्रेस की चिंता?

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी ने गंभीर चिंतन कर लिया है, लेकिन इस चिंतन में नया कुछ भी नहीं निकला। कांग्रेस के चिंतन शिविर की मुख्य अवधारणा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की सुझाई गई बातों पर पर ही केंद्रित होती दिखाई दी। चिंतन के बाद राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान इसी पर है कि अब क्या कांग्रेस की चिंता कम होगी। क्योंकि आज की कांग्रेस की स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस को जिस चिंतन की आज से आठ साल पूर्व आवश्यकता थी, वह अब हुआ है। यानी कांग्रेस ने अपनी पार्टी को दुर्गति से बचाने के लिए बहुत देर कर दी। कांग्रेस को इस प्रकार के चिंतन की आवश्यकता बहुत पहले से रही है, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व ने मात्र इसी बात पर चिंतन किया कि पूरी कांग्रेस पार्टी की कमान गांधी परिवार के पास कैसे रहे? गत दो लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के भीतर नेतृत्व बदलाव को लेकर आवाज उठी भी थी और गैर कांग्रेस दलों ने परिवारवाद के नाम पर कांग्रेस को इस प्रकार से घेरा कि कांग्रेस का दायरा सिमट गया। इतना होने के बाद भी कांग्रेस एक परिवार के एकाधिकार से बाहर नहीं आ सकी है। कांग्रेस के चिंतन शिविर में भी पूरी कवायद गांधी परिवार के आसपास ही रही।

कांग्रेस के चिंतन शिविर में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कांग्रेस नेताओं को जनता के बीच जाना होगा। यानी राहुल गांधी ये तो मानने को तैयार हो गए हैं कि कांग्रेस के नेताओं की जनता से दूरी बढ़ी है। इस चिंतन को एकतरफा निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व कमजोर होने का कारण कांग्रेस नेताओं की बजाय जनता की दूरी भी हो सकती है। कांग्रेस के चिंतन का आधार यह होना चाहिए था कि जनता कांग्रेस से दूर क्यों होती जा रही है। अगर इस पर चिंतन किया जाता तो वे तमाम बातें भी सामने आ जाती जो कांग्रेस के कमजोर होने का मुख्य कारण है। इसमें कांग्रेस नेताओं की कार्यशैली भी जिम्मेदार है। जिसके कारण भारत की जनता कांग्रेस से दूर होती चली गई। कांग्रेस की



कार्यशैली की बात करें तो तमाम प्रकार की बातें दिखाई देती हैं, जिसमें एक प्रमुख बात यह भी है कि जिस प्रकार से राहुल गांधी अपने को हिन्दू होने के लिए प्रमाण प्रस्तुत करते हैं, वह नितांत झूंठ है। क्योंकि यह सभी जानते हैं कि राहुल फिरोज खान का नाती है। और उसी खानदान का अंश है। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि अगर राहुल गांधी हिन्दू मानते हैं तो उस समय उनका खून खौल जाना चाहिए, जब देश में रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव पर पत्थर बरसाए जा रहे थे, लेकिन ऐसा लगता है कि राहुल का हिंदुत्व प्रेम केवल चुनावों के समय ही जाग्रत होता है। इस प्रकार की मानसिकता को देश की जनता भलीभांति समझती है। हालांकि जब से कांग्रेस अधोगति के मार्ग पर बढ़ी है, तब से ही कांग्रेस के नेताओं द्वारा कांग्रेस की दशा सुधारने को लेकर बयान दिए हैं, लेकिन उनकी आवाज पर कांग्रेस नेतृत्व ने कोई चिंतन नहीं किया। अगर उस समय ही कांग्रेस विचार करने के लिए तैयार हो जाती, तो संभवतः आज इस प्रकार का चिंतन करने की आवश्यकता नहीं होती। कांग्रेस के बड़े नेता आज या तो गांधी परिवार के सहारे राजनीति कर रहे हैं या फिर किनारे पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक बार जयराम रमेश ने खुले अंदाज में कहा था कि कांग्रेस में अब बुजुर्ग नेताओं के दिन बीत चुके हैं। इसका तात्पर्य यह भी है कि राजनीतिक अस्तित्व रखने वाले कांग्रेस के नेता केवल अपनी दम पर ही कांग्रेस में टिके हुए हैं। हम यह भी जानते हैं कि जनाधार वाले कांग्रेस आज या तो कांग्रेस से दूर जा चुके हैं या फिर जाने का प्रयास कर रहे हैं। ये स्थिति क्यों बन रही है, कांग्रेस को इस पर भी चिंतन करना चाहिए था, लेकिन आज की कांग्रेस इस पर क्यों चिंतन करना नहीं चाहती, यह भी बड़ा सवाल है। कांग्रेस के चिंतन शिविर को लेकर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि कांग्रेस को इस समय चिंतन करने की आवश्यकता क्यों हो रही है? इसके पीछे यही कहा जा रहा है कि कांग्रेस को सत्ता चाहिए। मात्र सत्ता के लिए ही यह सब कवायद की जा रही है। इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन भी कर सकती है, लेकिन ऐसा भी लगता है कि वह मात्र जनता को भ्रमित करने के लिए ही होगा। उनका उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना ही है।

# आतंकवाद के खिलाफ सभी को एक मंच पर होना जरूरी!

### सूडोकु नवताल- 6077

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6076 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

आज आतंकवाद की चपेट में विश्व का प्रायःहर देश आ गया है जिसके चलते प्रति वर्ष अनगिनत बेगुनाह मौत के शिकार होते जा रहे है। इस कड़ी में कई चर्चित चेहरे भी हम यो्ा चुके है। आतंकवाद के चलते कई जगह आज भी अघोषित युद्ध की स्थिति बनी हुई है। इस मसले पर विश्व स्तर पर चर्चा भी हुई पर कोई खास हल नहीं निकल सका। इसका मुख्य कारण है कि इस आतंकवाद को अपने हित में कहीं न कहीं से संरक्षण आज भी मिल रहा है। आतंकवाद को शह देने में राजनेताओं के साठगांठ रहने की कहानी बहुत पुरानी है जब कि शह देने वाले राजनेताओं को भी आतंकवाद का शिकार होना पड़ा है, इस बात का प्रमाण इतिहास के आईने से मिलता है।

आज हमारा देश भारत भी इस आतंकवाद की चपेट में बुरी तरह से जकड़ गया है। जिसमें देश के प्रमुख राज्य कश्मीर, तमिलनाडू,, केरल,नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, असम,, बिहार, दिल्ली, महाराष्ट्र , बंगाल, आदि आतंकवाद से प्रभावित रहे है। जिसने भारतीय शासन व्यवस्था को जर्जर हालत में डाल दिया है जिसने देश की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांसकृतिक आदि परिस्थितियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। इस तरह के फैले आतंकवाद की जड़ में कहीं मजहबी जनून सवार है तो कहीं गरीबी, बेरोजगारी, शोषण



जिसे स्थानीय तौर पर राजनेताओं का आतंरिक संरक्षण मिलता रहा है। जिसके कारण यह आज भी अपना पग पसारे हुये है। जब कि इस आतंकवाद की चपेट में अनेक बेगुनाह बाल किशोर से लेकर हर उम्र के शिकार हुये पर राजनीतिक भुख मिटाने की दिशा में पनाह पाता आतंकवाद फैलता ही जा रहा है।

आज जो अपराधी प्रवृत्ति से जुड़े लोग है अधिकांशतः नेतृत्व पर कब्जा करते जा रहे हैं। जिनकी जड़ में समाया है आतंकवाद, जिसे समझना बहुत जरूरी है। आतंकवाद अपने आप में एक अघोषित युद्ध हो गया है जिसका छद्म रूप युद्ध से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। आये दिन देश या विदेश का कौन सा प्रभाग इसके चंगुल का शिकार हो जाय, कह पाना मुश्किल है। देश के भीतरी भाग में घटित आतंकवादी घटनाएं, युद्ध से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है। इस तरह के विनाशकारी परिवेश से आज हम कहीं भी अछूते नहीं रह गये हैं। जब से शांति पहल एवं पड़ौसी देश पाक से बेहतर संबंध बनाने की दिशा में सदियों से बंद पड़े रास्ते खोल दिये गये तब से देश के भीतरी भाग में आतंकवादी गतिविधियां सर्वाधिक सक्रिय होती दिखाई देने लगी है। देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली जाली नोटों का देश में बड़े पैमाने पर विस्तार होता गया। इस तरह के निर्णय देश के हित में अहितकारी ही साबित हुए। जब-जब यह द्वार खुला है आतंकवादी घुसपैठियों की जमात देश के भीतरी तह तक आसन जमाती गई हैं। दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, मुम्बई जैसे अनेक चर्चित शहर तो इसके शिकार हो ही रहे हैं, देश की सर्वोच्च अस्मिता संसद भी इस तरह के परिवेश से अछूती नहीं रही है। जब संसद ही सुरक्षित नहीं रही है तो हम सब कहां तक सुरक्षित हैं, विचारणीय मुद्दा है। आतंकवाद अपने आप में एक युद्ध का ही स्वरूप है जो अघोषित है तथा अघोषित युद्ध सबसे ज्यादा खतरनाक साबित होता है।

आज आतंकवाद विश्वस्तर पर फैल चुका है। इसे मिटाने के लिये सभी को एक मंच पर खड़े होकर इसके विरोध में अलख जगाने के साथ - साथ इसे संरक्षण देने वाले के खिलाफ भी जंग लड़नी होगी। आतंकवाद किसी के हित में नहीं है, इस बात को सभी को समझना होगा।

## दुविधा में देश मंदिर-मस्जिद विवाद: वारिस कौन.... सियासत मौन....!

**ओमप्रकाश मेहता**

अयोध्या काण्ड' के बाद अब उसी तर्ज पर देश में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर मंदिर मस्जिद विवाद शुरू हो गया है, जिसकी अगुवाई इन दिनों बनारस (काशी) स्थित ज्ञानवापी मस्जिद विवाद कर रहा है, इसके बाद अब मथुरा, धार सहित देश के अन्य आधा दर्जन स्थानों पर यही विवाद शुरू हो गया है। इन विवादों में यदि इन धरोहरों के वारिस का सवाल सामने आया है तो इन सारे संदर्भों में देश की सियासत पूरी तरह मौन है, जबकि सब जानते है कि इन विवादकर्ताओं को संरक्षण इन्हीं मौनधारी सियासतदारों का मिल रहा है और आश्चर्य यह कि इस विवाद का नेतृत्व करने वाले क्षेत्र के सांसद स्वयं प्रधानमंत्री जी है, किंतु वे भी पूरी तरह मौन धारण किये हुए है और अब सब कुछ न्यायपालिका के सहारे छोड़ दिया गया है। दूसरे विवादित क्षेत्र कृष्ण जन्मभूमि का राजनीतिक नेतृत्व वरिष्ठ अभिनेत्री हेमा मालिनी जी करती है और वे भी मौन है। आश्चर्य तो यह है कि इन हालातों में पूरी सियासत मौन धारण किये हुए है न सत्ताधारी कुछ बोल रहे है और न कोई विपक्षी दल ही। सभी को शायद अपने वोट बैंक की चिंता है, इन विवादों से यह तो तय माना जा रहा है, हिन्दूवादी पार्टी भाजपा से तो मुस्लिम वोट तो पूरी तरह दूर हो ही जाएगा, वैसे भी भाजपा के पास 'मुस्लिम सपोर्ट' बहुत ही कम रहा है, किंतु जहां तक गैर भाजपाई दलों का सवाल है, वे भी इस विवाद पर बोलकर हिन्दू या मुसलमान दोनों ही वर्गों में से किसी को भी नाराज कर अपना वोट कम नहीं करना चाहते, यह भी इनके मौन धारण का मुख्य कारण है, जबकि दूसरी ओर गैर भाजपाई दलों के बीच इस बात की स्पर्द्धा शुरू हो गई है कि अब मुस्लिम वोट कौन कबाड़ सके? इसलिए ये गैर भाजपाई दल मौन रहकर भी दिल से मुस्लिमों को सहयोग करने का कार्य कर रहे है, चूंकि वे यह भी नहीं चाहते कि उनका पारम्परिक हिन्दू वोट उनसे छिटककर दूर चला जाए, इसलिए वे खुलकर मुस्लिमों का सहयोग नहीं कर रहे हैं।

यद्यपि आज पूरा देश यह जानता है कि सियासी माहौल के तहत आज पूरी राजनीति व देश व राज्य की सरकारों पर विराजित राजनेता ही इन विवादों का मौन संचालन कर रहे है और यह बात हर मुस्लिम नेता या वोटर भी जानता है, किंतु अभी किसी भी और से इन विवादों में किसी राजनीतिक दल या नेता ने प्रवेश या हस्तक्षेप नहीं किया है।

# नगरीय भू अधिकार योजना के तहत जिले में 30 हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र वितरित

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नजूल भू खण्डों की जांच तथा आधिपत्य धारियों का अभिलेख तैयार कर परिपत्र में दी गई प्रक्रिया अनुसार नगरीय क्षेत्रों में जो लोग वर्ष 2014 के पहले शासकीय भूमि पर निवासरत थे, उन्हें मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री द्वारा गूगल के माध्यम से अधिकार पत्र प्रदान किए, जिसमें मुरैना जिले के 30 लोग शामिल हैं। यह कार्यक्रम मुरैना जिले में एनआईसी कक्ष मुरैना में किया गया, जिसे मुख्यमंत्री ने भोपाल से संबोधित किया। एनआईसी कक्ष मुरैना में कलेक्टर बी कर्तिकेयन, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, एसडीएम मुरैना शिवलाल शाक्य, एसडीएम सबलगढ, एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एलके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वंदना तोमर, भू अधिकार पत्र प्राप्त कर रहे, मुरैना नगर निगम के वार्ड क्रमांक 44 के जितेन्द्र सिंह शाक्य, नेतराम कुशवाह, नेतराम कुशवाह, श्रीमती मुन्नी सिंह पत्नी दिलीप और श्रीमती सलमा खान पत्नी वकील खान मौके पर उपस्थित थे।



भू अधिकार पत्र मुरैना जिले में 30 लोगों को दिये गये हैं जिसमें नगर निगम के मुरैना के 14, जौरा के 6 और सबलगढ के 10 लोगों के नाम भू अधिकार पत्र बनाकर प्रदान किये गये हैं। जिला मुख्यालय पर एनआईसी कक्ष मुरैना में कलेक्टर बी कार्तिकेयन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता ने 4 व्यक्तियों को मौके पर अधिकार पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को एनआईसी भोपाल द्वार संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अभी तक वर्ष 2014 के पहले शासकीय भूमि पर काबिजधारियों को भू अधिकार पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। इस पर व्यक्ति अब आवास बना सकेंगे। यह उनका अधिकार पत्र रहेगा। इस भूमि पर 30 वर्ष तक दुकान या अन्य रोजगार भी चला सकेंगे। इसके बाद पंजीयन कराने की आवश्यकता ही रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में वर्ष 2018 से पूर्व ऐसे व्यक्ति जो जिन पर कहीं भी मकान बनाने की जमीन नहीं है और वो शासकीय भूमि पर काबिज हैं, उनके लिये नये नियमों को संधारित करके सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किये हैं ताकि उन्हें भी भू अधिकार पत्र वितरण हो सके फिर उन्हें कोई बेदखली नहीं कर सकेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना के हितग्राही जितेन्द्र सिंह पुत्र निवास शाक्य से वर्तमान की परिस्थितियां, रोजगार, बेटा-बेटियों की पढाई-लिखाई आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भू अधिकार पत्र मिलने के बाद प्रधानमंत्री आवास भी स्वीकृत होगा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह का आयोजन 11 मई को

### -आयोजन में भाग लेने वाले जोड़े को मिलेगी 51 हजार की सहायता

**मुरैना।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना का आयोजन 11 जून को जीवाजी गंज स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा योजना अंतर्गत जोड़ों को 51 हजार की सहायता सामग्री योजना अंतर्गत दी जाएगी। योजना प्रभारी सोनाली नरेडा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम मुरैना द्वारा 11 जून को टाउन हॉल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना का भव्य आयोजन किया जाएगा। विवाह सम्मेलन में भाग लेने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई निर्धारित की गई है। इस योजना अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को शासन द्वारा 51000 की सहायता सामग्री सहित सहायता प्रदान की जाएगी। विवाह योजना में भाग लेने हेतु वर वधु के वयस्क होने के प्रमाण पत्र सहित आधार कार्ड, वोटर कार्ड, परिवार आईडी, बैंक पासबुक आदि आवश्यक दस्तावेज के साथ वर वधु अपने आवेदन जीवाजी गंज स्थित टाउन हॉल में निर्धारित तिथि 27 मई से पूर्व जमा कराएं, जिससे कि अधिक से अधिक जोड़ों को योजना अंतर्गत लाभ पहुंचाया जा सके।

## उपभोक्ता आयोग द्वारा लोक अदालत 9 जुलाई को

**मुरैना।** राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री शांतनु एस. केमकर ने बताया कि आयोग में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये 9 जुलाई को विशेष अदालतों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग एवं प्रदेश के सभी 52 जिलों में उपभोक्ता आयोग कार्यालयों में यह अदालतें लगेंगी। न्यायमूर्ति श्री केमकर ने बताया कि राज्य उपभोक्ता आयोग में विचाराधीन प्रकरणों के लिये राज्य आयोग कार्यालय भोपाल तथा जिला उपभोक्ता आयोग में विचाराधीन प्रकरणों के लिये संबंधित जिला उपभोक्ता आयोग के जिला मुख्यालय पर स्थित कार्यालय में लोक अदालत लगेगी। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये इच्छुक पक्षकार/अधिवक्ता से प्री-सिटिंग की कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोगों को भी अवगत कराया गया है। आयोग ने सभी पक्षकार और अधिवक्ताओं से अधिकाधिक संख्या में लोक अदालत के माध्यम से अपने विचाराधीन उपभोक्ता प्रकरणों के निराकरण के लिये आग्रह किया है।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 जून तक

**मुरैना।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 5 मई से 5 जून तक एसपीडीए मैदान पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कराते, फुटबॉल, ताइक्वांडो, हॉकी आदि खेलो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुशवाह ने बताया यह शिविर सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक तथा शाम को 5 बजे से 7 बजे तक दिया जा रहा है। इक्छुक बालक-बालिका/खिलाड़ी शामिल होकर शिविर में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल प्रशिक्षक प्रशांत कुशवाह से संम्पर्क कर सकते हैं।

## मत्स्य पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे के लिए आवेदन 6 जून तक आमंत्रित

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोशन कुमार सिंह ने बताया कि सभी पंचायतों के अंतर्गत बड़े तालाबों को, क्षीर सागर एवं अमृत सरोवर में निर्माणाधीन तालाबों को मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत मत्स्य पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर आवंटित किया जाना है। इस हेतु इच्छुक सहकारी समिति, समूह, स्व-सहायता समूह, व्यक्तियों से आवेदन 6 जून तक आमंत्रित किया जा रहे है। आवेदन जिला पंचायत एवं सहायक संचालक मत्स्योद्योग में आवेदन दस्तावेजों सहित जमा कर सकते है।

# टैलेंट निखारने में सहायक होते हैं शिविर: अरविंद मावई

### -प्रतिभा उन्नयन ग्रीष्म कालीन शिविर ब्राईट कैरियर में आरम्भ

**अम्बाह।** अंबाह अंचल के नन्हें- मुन्नें बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए वक्तृत्व कला, अभिनय मंच, संयोजन संचालन, स्पॉट राइटिंग, नुक्कड़ नाटक, हिंदी, संस्कृत व इंग्लिश स्पोकन के अलावा योग, प्राणायाम एवं इंडोर गेम द्वारा तनाव दूर करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की पहल पर ब्राईट कैरियर एकेडमी में प्रतिभा उन्नयन ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ हुआ।

शिविर में मानसिक बौद्धिक तार्किक गतिविधियों के साथ-साथ इंडोर गेम्स और ताइक्वांडो प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ क्रीड़ा भारतीय के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई ने करते हुए कहा




कि ग्रीष्मकालीन शिविरों के माध्यम से विभिन्न खेलों में खिलाड़ी तो तैयार होते हैं लेकिन अब अनेक क्षेत्रों में प्रतिभाएं निखरती और उठती है। इसलिए टैलेंट निखारने और उभारने में ग्रीष्मकालीन शिविर सहायक होते हैं। इस अवसर पर शिविर के स्वरूप की जानकारी देते हुए डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों को सार्थक और उपयोगी बनाने के लिए राज्य आनंद संस्थान और खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की पहल पर ग्रीष्मकालीन प्रतिभा उन्नयन शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में अंचल के अधिकतम 16 वर्ष तक के बालक बालिका भाग ले सकते हैं। उनके लिए खेलकूद के साथ-साथ अनेक विधाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था निःशुल्क की गई है। इस अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रशिक्षक मोहित शर्मा, इंग्लिश स्पोकर ट्रेनर सुदामा शर्मा, डांस प्रशिक्षक योगेश क्लासिकल डांस टीचर रिंकू वर्मा, ताइकांडो, जूडो कराटे प्रशिक्षक, मेट कुश्ती एवं बालिका मेट कबड्डी प्रशिक्षक, विशेष रूप से उपस्थित थे।

# आवासीय पट्टे व पेयजल समस्या को लेकर माकपा ने दिया ज्ञापन

**कैलारस।** आवास के लिए भू अधिकार पत्र पट्टे दिए जाने की मांग को लेकर दलितों, गरीबों, आम नागरिकों, महिलाओं ने नगर परिषद कार्यालय पहुंच कर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम दिया ज्ञापन। ज्ञापन के साथ हितग्राहियों ने ऑनलाइन प्रस्तुत किए आवेदनों की छाया प्रतियां भी संलग्न की। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 खोरी माता



एवं झरना वाले हनुमान जी की बस्ती, बार्ड एक, 6, 8, 9 आदि बार्डो में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग की । वर्तमान में कैलारस नगर में पेयजल का भीषण संकट व्याप्त है, इसका तत्काल निदान किया जाए। सीएमओ की ओर से ज्ञापन जीवन लाल बाबू ने लिया, उन्होंने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। ज्ञापन देने वालों में माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, युवा नेता नरहरी शर्मा, अनारसिंह, श्रीमती गुड्डी बाई, मुन्नी बाई, उर्मिला देवी, माया देवी, अर्चना, निर्मला, गोमती आदि शामिल रहीं।



## हथियार सप्लाई करने जा रहे दो बदमाश दबोचे, 5 कट्टे एवं कारतूस बरामद

### पंचायत एवं निकाय चुनाव की सुगबुगाहट के साथ पुलिस का धरपकड़ अभियान शुरू

**मुरैना।** सबलगढ़ थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह विजयपुर की ओर से मुरैना जिले में अवैध हथियारों की तस्करी कर सप्लाई करने जा रहे दो बदमाशों को पल्सर बाइक के साथ दबोच लिया और उनके कब्जे से 5 कट्टे तथा कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। आगामी समय में होने वाले पंचायत एवं निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अभी से बदमाशों की धरपकड़ का अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के



तहत एसडीओपी के नेतृत्व में सबलगढ़ थाना प्रभारी केके सिंह को शुक्रवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि दो बदमाश हथियारों का जखीरा लेकर नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से विजयपुर की ओर से सबलगढ़ रामपुर होते हुए आ रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए रामपुर रोड हीरामन बाबा मंदिर के आगे मोड़ पर चेकिंग पॉइंट लगाया, तभी मुखबिर द्वारा बताए गए खोलिए के दो लड़के पल्सर मोटरसाइकिल आए और वह पुलिस को देख कर घबरा गए तथा मोटरसाइकिल बैक करने लगे, तभी पुलिस ने उन्हें घेर कर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा जब गाड़ी पर बैठे लड़के की पीठ पर टंगे काले रंग के बैग को खोला तो उसमें जूता चप्पल का डिब्बा रखा हुआ था और उसे खोलकर चेक किया तो 4 देशी पिस्टल 32 बोर एवं 10 जिंदा राउंड मिले। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी चलाने वाले युवक को चेक किया, तो उसकी कमर से 315 बोर का देशी कट्टा लोडेड मिला और जिंदा राउंड बरामद हुआ।

# प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिये कृषि विभाग द्वारा किसानों को दिया प्रशिक्षण

**मुरैना।** प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर दे रही है, जिसके तहत गुरूवार को कृषि अनुसंधान केन्द्र मुरैना में प्राकृतिक खेती को किस प्रकार से बढावा मिले। इस संबंध में कृषि विभाग एवं गुजरात से आये कानू भाई मटर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उन्होंने बताया कि सभी को प्राकृतिक खेती की उपयोगिता एवं उसको करने के लिये निम्न सामग्रियों की आवश्यकता होती है जैसे कि प्राकृतिक खेती में जीवामृत (जीव अमृत), घन जीवामृत एवं बीजामृत का उपयोग पौधों को पोषक तत्व दिए जाने के लिए किया जाता है। इनका उपयोग फसलों पर घोल के छिड़काव अथवा सिंचाई के पानी के साथ में किया जाता है। प्राकृतिक कृषि में कीटनाशकों के रूप में नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र,



अग्निअस्त्र, सोठास्त्र, दषा पड़नी, नीम पेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है। मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती का रकवा बड़े जिस पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुरैना जिले में भी किसानों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिये एप बनाय गया है। जो भी कृषक प्राकृतिक खेती करने के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है। प्रशिक्षण के समय संयुक्त संचालक कृषि डी ए कोरी, उपसंचालक कृषि अनंत सडैया, कृषि वैज्ञनिक आरपी एस तोमर उपसंचालक वेटरनरी आर के त्यागी, सहायक संचालक कृषि बीडी नरवरिया सहित जिले के कृषक मौजूद थे।

# सीरवी विकास संस्थान सुमेरपुर द्वारा एक साल मे दुसरा केरियर काउंसलिंग, गाइडेंस व मोटिवेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

**नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीफ/पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** :– सुमेरपुर सीरवी विकास संस्थान परगना, सुमेरपुर द्वारा कक्षा 9-12,उच्च शिक्षा व प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे होनहारों के लिए विषय में जानकारी हेतु कैरियर काउंसलिंग, गाइडेंस व मोटिवेशनल सेमिनार का भव्य आयोजन हुआ जिसमें समाज के लगभग 300-400 विद्यार्थियों सहित गणमान्य नागरिक व शिक्षक बन्धुओ ने भाग लिया। समाज के उच्च पदाधिकारी वक्ता के रूप में पधारे और सभी ने विद्यार्थियों को उनके करियर के बारे में कैसे आगे बढ़े और कैसे परेशानीयों को सामना करें सभी को बहुत बारीकी से बताया। बहुत ही अच्छा उद्देश्य पूर्ण सेमिनार रहा, सभी ने बहुत अच्छे से विद्यार्थियों को अपने करियर के बारे में बताया और इस सेमिनार मैं मेरे आदर्श समान, गुरु समान दौलाराम सोलंकी,धणा उदयपुर,अध्यक्ष सीरवी समाज परगना समिति, सुमेरपुर ,भारतीय इंजीनियरिंग सेवा से कमल किशोर रतनलाल सिरवी शिक्षाविद दीपाराम काग, गुड़िया,रानी एस .डी. एम. रविकान्त सिंह, गुडा एन्दला थानेदार साहब रवीन्द्रपालसिंह, सी. एल. सी.संस्थान






जोधपुर के निदेशक छगनलाल गहलोत आईजी विद्यापीठ जवाली से हिरालाल गेहलोत सोनाईमाझी उदलियावास बिलाडा से अर्जुन सिरवी जोजावर से शिक्षाविद जोगाराम सिरवी के सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थि इस सेमिनार में उपस्थित हुए थे द्य श्री ज्योति पत्रिका के संम्पादक हीरालाल गहलोत ने बताया कि शिक्षा के साथ संस्कार का भी होना बहुत जरूरी है और आपने बहुत अच्छा उद्बोधन दिया था।सभी ने बहुत अच्छा उद्बोधन दिया था और शिक्षा का महत्व बताया, मंच संचालक जसाराम वर्फा ने किया! संस्थान अध्यक्ष दोलाराम सोलंकी ने बहुत बड़ी बातें बताई, जो भी विद्यार्थी पढ़ाई में असमर्थ है उसको वह हर प्रकार की मदद करेंगे और लगभग 100 से ज्यादा विद्यार्थियों को समिति द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकें दी गई, जिस विद्यार्थीयो की आर्थिक स्थिति कमजोर है वह जरूर दौलाराम से संपर्क करें उनकी फीस भरने मे संस्थान द्वारा जरूर सहायता करेंगे।

## अंबाह मैं आज किसान मोर्चा द्वारा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा अंबाह के पदाधिकारी का स्वागत किया गया



**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह मैं आज किसान मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष रामसेवक राठौर जी. के द्वारा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला मंत्री राजू तोमर जी. पिछड़ा वर्ग मोर्चा अंबाह नगर मंडल अध्यक्ष राजीव प्रजापति .जी .जिला पिछड़ा वर्ग में कार्यालय मंत्री मनीष राठौर जी. सभी पदाधिकारियों को नियुक्त किए जाने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिस में उपस्थित किसान मोर्चा के महामंत्री राजकुमार राठौड़ फौजी .जी किसान मोर्चा के नगर मंडल मंत्री बल्ली तोमर जी. दलवीर प्रजापति जी एवं किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पर स्थित रहे।

## आतंकवाद विरोधी दिवस पर कलेक्ट्रेट में अधिकारी और कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आतंकवाद विरोधी दिवस पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर एडीएम प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त



कलेक्टर आरए प्रजापति, अन्य विभागीय अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों ने 'हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। की शपथ दिलाई गई।

## मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न वार्डों में किया फोगिंग



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर दिनांक 20 मई 2022**– संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फागिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी नगर निगम आयुक्त श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर शहर के सभी वार्ड की गलियों एवं मोहल्ला में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत जोन 25 के वार्ड 66 स्थित हरिजन बस्ती सहित बहोडापुर, मुरार, बजरिया, ठाठीपुर, दीनदयाल नगर, समाधिया कॉलोनी, शताब्दीपुरम, आदित्यपुरम, महाराज बाडा, गुडा गुडी का नाका, रामा जी का पुरा, अजयपुर, वीरपुर, बडा गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

## पंचायत और नगर निगम चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करने के विरोध में 21 मई को होगा जिला बंद : कैलाश कुशवाह

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पंचायत एवं निकाय चुनाव मैं पिछड़े वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया गया है उसका पोहरी विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा प्रत्याशी कैलाश कुशवाहा द्वारा निराशा व्यक्त की गई है जब पिछड़े वर्ग की आबादी 51त्न से ज्यादा है फिर उसको इतना कम आरक्षण क्यों दिया गया है जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी के तहत पिछड़ा वर्ग को 51त्न आरक्षण होना चाहिए अपने हक अधिकार के लिए पिछड़ा वर्ग समाज संघर्ष करता रहेगा जब तक हमें हमारा पूर्ण अधिकार नहीं मिल जाता हम



पीछे हटने वाले नहीं है आने वाले विधानसभा चुनावों में सरकार को बता देंगे के पिछड़े वर्ग के अधिकारों का हनन करना इतना महंगा पड़ेगा इसका परिणाम प्रदेश सरकार को आने वाले पंचायत चुनाव नगर निगम चुनाव और भविष्य में होने वाले विधानसभा में देखने को मिलेगा पिछड़े वर्ग के युवाओं ने अपनी जी जान से तैयारी कर रखी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार उनकी आशाओं पर पानी फेर दिया गया है अब आने वाले भविष्य में पिछड़े वर्ग के युवा सरकार को बता देंगे की सरकार में जो पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ में धोखा दिया है उसको वह कमजोर न समझें और आने वाले समय का इंतजार करें सरकार को हम दिखा देंगे कि पिछड़ा वर्ग आखिर है क्या।

## अंबाह मैं शासन की योजनाओं पर पलीता फेरते हुए पीडीएस संचालक समय पर नहीं खुलती उचित मूल्य की दुकान (पीडीएस) की दुकानें जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान मैं ले

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजलीं टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर की पीडीएस की दुकानें समय से नही खुल रही है जबकि शासन ने पीडीएस की दुकानों का समय पहले से निर्धारित कर दिया है फिर भी पीडीएस दुकान संचालक अपनी मनमानी कर रहे है जबकि यह पीडीएस की दुकान गरीब तबके के लोगों को सस्ते दरों पर राशन मुहैया कराने के उद्देश्य से सरकार ने दुकान खोली है। सरकार की योजनाओं को क्यो जनता तक नहीं पहुंचने नही देते इस प्रकार के पीडीएस संचालक जिम्मेदार अधिकारी व प्रशासन संज्ञान मैं ले जिससे पीडीएस की दुकानें समय पर और निर्धारित समय तक खुले

### जिनकी पीडीएस दुकान बंद थी

पीडीएस दुकान कोड 211001, विचोला रोड
दुकानदार का नाम-प्रमोद सिंह तोमर ,
पीडीएस दुकान कोड 211007 , वाटर वर्क्स रोड
दुकानदार का नाम-अब्दुल रहमान ,
दुकान कोड 211009,
दुकानदार का नाम-राजेश कुमार

संबंधित अधिकारी श्री उमेश शर्मा जी का कहना



शहरी क्षेत्रों मैं पीडीएस दुकान के खुलने का समय सुबह 09ः00-01ः00 बजे तक एवं शाम को 04ः00-06ः00 बजे तक गर्मियों में अगर ऐसा है तो हम इसकी जांच करेंगे

## पुलिस थाना पिछोर ने ग्राम भरतपुर से शराब पीकर पत्नी की मारपीट करने वाले आरोपी को दबोच कर गिरफ्तार किया



**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पिछोर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम भरतपुर से 19/5/22 को शराब पीकर पत्नी की मारपीट करने वाले आरोपी को दबोचा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर देवेंद्र सिंह कुशवाह के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में ग्राम भरतपुर थाना पिछोर क्षेत्र में शराब पीकर पत्नी की मारपीट करने वाले आरोपी शिव कुमार लोधी पुत्र भंवर सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी भरतपुर को धारा 151 जाब्ता फौजी दारी में गिरफ्तार किया आरोपी की पत्नी रश्मि लोधी ने शिकायत की थी कि मेरा पति शिव कुमार लोधी आए दिन शराब पीकर झगड़ा कर मारपीट करता है घर का सामान व अनाज भी बेच देता है पुलिस थाना पिछोर की टीम ने तत्काल शिव कुमार लोधी को तत्काल गिरफ्तार किया आरोपी को एसडीएम कोर्ट पिछोर पेश किया जीपीएस शर्त पर जमानत पर रिहा किया गया कि वह भविष्य में पत्नी के साथ मारपीट नहीं करेगा पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव जितेंद्र गुर्जर व कमल सिंह माझी शामिल रहे

## रक्तदान से बड़ा कोई महा दान नहीं है :- सुरेन्द्र सिंह जाट

**विनोद पाठक पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो**

**श्योपुर** – भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट जी जन्म दिवस के अवसर पर सुरेन्द्र सिंह जाट मित्र मंडल द्वारा भारतीय जनता पार्टी कि रीति एंव नीति के तहत सेवा ही संगठन कि



भावनाओं के मूल उद्देश्य के तहत अपने यशस्वी जिलाध्यक्ष का 39 वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यलय पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा 20 रक्तदाताओं ने आगामी समय में रक्तदान करने के लिये संकल्प पत्र भरे रक्तदान शिविर में इन्होंने किया रक्तदान अंकित जैन,मनन गुप्ता, राकेश गुप्ता, आकाश गुप्ता,पवन नायक, रघुनंदन त्यागी, अरविंद त्यागी, विशाल सोनी, रणजीत राजपूत, अशोक कुमार बंसल, अनिल,श्रृंरेश, विनोद मीणा, महावीर मीणा,सुनील, महेश गुर्जर गोपाल जाट, भावेश उपाध्यय,पृथम गोयल, सुरेन्द्र जाट,हरमित सिंह , दिनेश अटेरिया, सत्येन्द्र सिंह,शिवम् गोयल आदि ने रक्तदान किया इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष एंव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर, जिला महामंत्री शशांक भूषण,नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश राज दूबोलिया युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सोनी युवा मोर्चा जिला महामंत्री संजय मंगल सहित पार्टी कार्यकर्ता, शुभचिंतक, एंव मित्र मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे

# यूथ कनेक्ट अभियान के तहत बीजेपी युवा मोर्चा द्वाराप्रतिभागियो को किया गया सम्मानित

**पुष्पांजली टुडे**

**भिंड** /मीडिया प्रभारी संतोष भदौरिया द्वारा बताया गया की जिलाध्यक्ष कुशवाह जी के नेतृत्व मे भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा यूथ कनेक्ट अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शहर के विजयलक्ष्मी मैरिज गार्डन में किया गया जिसमें जिले की पांचों विधानसभाओं से प्रतिभागियों ने सहभागिता की इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रान्त सिंह कुशवाहा ने की साथ मे महामंत्री अतिराज नरवरिया,धीरज चौधरी भाजपा महाराणा प्रताप मण्डल अध्यक्ष शेरू पचौरी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रिंस दुबे,अतुल पाठक,ओमकार यादव, के साथ निर्णायक समिति के सदस्य शिक्षक नितिन दीक्षित जी और कार्यक्रम के जिला सहप्रभारी दीपेश तोमर ने मंच साझा किया इस दौरान विक्रान्त कुशवाहा ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसकी लगभग 65 प्रतिशत आवादी युवा है इसीलिए समाज के हर क्षेत्र में





प्रतिनिधित्व का अधिकार युवाओं को मिले इसीलिए भाजपा युवा मोर्चा द्वारा निरंतर युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए नए-नए कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं इस दौरान प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं संजय दत्त शर्मा, सचिन भदोरिया, रसाल नरवरिया, डॉली सविता, रणवीर परिहार,विष्णु शर्मा के साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे इन सभी प्रतिभागियों को प्रणाम पत्र दिए गए .।

कार्यक्रम का मंच संचालन अमित चौधरी द्वारा किया गया अंत मे आभार रामखित्यार सिंह गुर्जर द्वारा व्यक्त किया गया इस बैठक के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे हृदेश पुरोहित, शिवांकर सिंह भदोरिया, वैभव चतुर्वेदी राजीव मिश्रा,अन्नू तिवारी,रामू तोमर,मोनू बघेल, संतोष सिंह भदौरिया,आशीष गुप्ता,सौरभ जैन, अंकित मिश्रा, गोपाल सोनी,अश्वनी त्यागी,हरिकिशन चौधरी,आशीष कांकर के साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने आंकलित बिल,अबैध वसूली,अघोषित बिजली कटौती को लेकर महाप्रबंधक को सौपा ज्ञापन

## बगैर लाइट के आमजन लालटेन व हाथ का बिजना लेकर जीवन जीने को मजबूर हैं : मान सिंह कुशवाहा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रदेश के मुखिया कमलनाथ जी के निर्देशन से बिजली समस्या को लेकर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतत्व में जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया तथा जिले की सभी विधानसभा स्तर पर भी डीई को धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन पत्र देने का काम ब्लाक कांग्रेस कमेठी के नेतत्व आयोजित हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत खंडा रोड से की गई, तथा रैली प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर सीधे एसी कार्यालय में प्रदर्शनकारियों द्वारा कार्यालय की लाइट बंद कर दी गई 15 मिनट में अधिकारी व कांग्रेस के नेता पसीने से तरबतर हो चुके थे उसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा जैसा हाल आप और हम सब का 15 मिनट में हुआ है ऐसी स्थिति को जिले भर में आमजन 15-15 घंटे झेल रहे हैं बाद में प्रदर्शनकारियों द्वारा लालटेन जलाकर हाथ का पंखा देते हुए ज्ञापन पत्र सौंपा।

### ज्ञापन पत्र में ये रही प्रमुख माँगे

1.बिजली की अघोषित कटौती होने से शहर व ग्रामीण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।2.बिजिली की विजिलेंस टीम के द्वारा ज़ब ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं की मोटर की जांच की जाती है तो पांच होस पावर का लोड दिखाकर अबैध वसूली की जा रही है3.बिजली विभाग के द्वारा ग्रामीण कनेक्शन होने पर भी शहरी बिल थमाए जा रहे है4.बिजली विभाग द्वारा लोगो को आंकलित बिल थमाए जा रहे है जब मीटर रीडर के द्वारा किसी भी घर की मीटर रीडिंग नही ली जाती है जबकि मीटर चालू है 5.शहर में डीपी पर अत्यधिक लोड होने से डीपी फूक रही है एक डीपी पर 250 से 300 घर का लोड है 6.बिजली विभाग ने मजदूरों के शासन द्वारा माफ किये गए बिजली बिल पुनः बिल में जोड़ दिए गए है। 7.बिजली विभाग के द्वारा विधुत प्रदाय किये बैगर लगातार तीन वर्षों से बिजली बिल दिए जा रहे है,ज़ब की सम्बंधित द्वारा कई बार सूचित किया गया।8.मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधुत की समस्या के लिए जारी टोल फ्री नम्बर 1912 शिकायत दर्ज करने पर कोई निराकरण नही किया जाता है 9.ज़ब आमजन द्वारा विधुत की समस्या को लेकर दूरभाष पर सम्पर्क किया जाता है तो अधिकारियों के फोन रिसीव नही होते है आमजन में काफी आक्रोश है। जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### दारू के नशे में धुत रहते है अधिकारी - मान सिंह कुशवाहा

जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा भिंड महाप्रबंधक कार्यालय के अधिकारी दारू के नशे धुत रहते है उन्हें कहा आमजन की समस्याओ के निदान का समय है इसका जीता जागता उदाहरण मीडिया को देते हुए दिखाया महाप्रबंधक कार्यालय में एक नही एक दर्जन से अधिक दारू की बोतले पड़ी हुई थी इससे स्पष्ट होता है महाप्रबंधक अशोक शर्मा की अपने अधीनस्थ अधिकारी पर कोई नजर नही है उनके कार्यालय में दारू पी जाती है नशे में धुत अधिकारी क्या आमजन की समस्याओं का निदान करेगे काँग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाह ने उसकी घोर निदा की और चेतावनी दी जल्द निराकरण नही हुआ तो हम उग्र आंदोलन को हम विवश होंगे। आंदोलन में प्रमुख रूप से मनोज देयपुरिया शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, सेवादल यंग बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद् पिंकी भदोरिया, प्रदेश के महामंत्री देवभान सिंह भदौरिया, बृजेंद्र सिंह कल्लू, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र भदोरिया, समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजवीर खन्ना अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष अमर शाक्य, योगेश शाक्य ,समीर भदोरिया, रॉकी तोमर, वीरेंद्र यादव, डॉ रणवीर यादव राजीव कौशिक, राहुल सिंह राजावत, राजेंद्र परिहार, नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, ममता मिश्रा, रतनचंद जैन हरनारायण शर्मा रामज्ञान कुशवाहा, जबर सिंह कुशवाहा, नीरज त्रिपाठी, अनिल भारद्वाज कुलदीप भारद्वाज ,अमित कुशवाहा, रवि कुशवाहा, मौ अनिल भारद्वाज आशुतोष शर्मा रेखा भदौरिया इत्यादि लोग मौजूद रहे।



## पुष्पांजली टुडे परिवार के सदस्य केशव प्रसाद शर्मा जी को पुष्पांजली टुडे समूह की और से जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनायें और बधाई

# पाली भाजपा जिला अध्यक्ष परमार का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार का जन्म दिवस पूरे जिले के में धूमधाम से मनाया गया। जिले के प्रत्येक मंडल स्तर पर भाजपा पाली जिला अध्यक्ष परमार के जन्मदिवस को सेवा कार्य के रूप में मनाया अलग-अलग जगह पर गौशाला में गाय चारा तथा अपना घर तथा गरीब बस्तियों में फल वितरण किये गये। जिला मुख्यालय पर रोटरी भवन मे स्वागत कार्यक्रम जिसमे जिसने पाली विधायक ज्ञानचंद पारख पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा पूर्व प्रधान तथा प्रकोष्ठ प्रदेश श्रवण कुमार बंजारा सभापति रेखा भाटी जिला महामंत्री मोहन जाट सुनील भंडारी जिला उपाध्यक्ष नरपत सिंह राजपुरोहित सुरेश चौधरी पंकज त्रिवेदी जिला आईटी सेल प्रभारी मुकेश नाबरिया जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी राकेश भाटी पालिका बाली चेयरमैन भरत चौधरी जिला कोषाध्यक्ष रामकिशोर साबु महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोहर कवर जिला मंत्री महावीर सिह टेवाली नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सिवजी प्रजापत जिला मंत्री निशांत दवे जयवर्धन रांकावत नारायण कुमावत महिला मोर्चा जिला महामंत्री नैना व्यास अल्पसंख्यक जिला मोर्चा अध्यक्ष अजीत कोहिनूर उप सभापति लालुभाई पिरतमानी मंडल अध्यक्ष नरपत दवे पुखराज बंजारा गणेश पटेल हरिभाई पटेल ताराचंद माहेश्वरी राजेश डागी मानवेंद्र सिंह भाटी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे उत्साह के साथ जिला अध्यक्ष को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया

# हॉस्टल मे काम करने वाले युवक ने साथ काम करने वाली विधवा को शादी का झांसा देकर किया बलात्कार



**भोपाल।** नये शहर मे एक व्यॉयज हॉस्टल में काम करने वाली विधवा महिला के साथ हॉस्टल मे ही काम करने वाले युवक द्वारा शादी का झांसा देकर बलात्कार किये जोन का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाद मे आरोपी ने उसे बदनाम करने की धमकी देकर कई बार अपनी हवस का शिकार बनाया। आखिरकार उससे परेशान होकर पीडीता थाने जा पहुची ओर आरोपी के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय पीडीता ने अपनी शिकायत मे बताया कि करीब तीन साल पहले उसका पति गुजर गया था, उसका एक बच्चा भी है। जीवन यापन के लिये वो कमला नगर इलाके ही बने एक ब्वॉयज हॉस्टल में काम करने लगी थी। उसी हॉस्टल में काम करने वाले विजय केवट से उसकी पहचान हो गई थी। आरोपी ने उससे हमदर्दी दिखाते हुए उससे नजदीकियां बढ़ा ली। ओर फिर छोटी मोटी मदद करने के बहाने विजय ने महिला के घर भी आना जाना शुरु कर दिया था। इसी दौरान आरोपी ने महिला से कहा कि वो उसे पसंद करता है, ओर उससे शादी करने का प्रस्ताव देते हुए कहा कि वो उसके बच्चे का भी ध्यान रखेगा। महिला को भी सहारे की तलाश थी, जिसके चलते उसने उसके साथ शादी करने की हामी भर दी। आरोप है कि इसके बाद मार्च के महीने में हॉस्टल में काम करते समय विजय ने सूनेपने का फायदा उठाते हुए महिला के साथ जर्बदस्ती शारीरिक संबध बना डाले। महिला ने जब उसकी शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने कहा कि वो जल्द ही उससे शादी कर लेगा। इसके बाद आरोपी ने महिला का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। बीते दिनों जब पीडीता ने उसपर शादी करने का दबाव डाला तो आरोपी ने उससे दुरिया बनानी शुरु कर दी, उसका बदला व्यवहार देखकर पीडीता ने उसपर अधिक दबाव डालते हुए जल्द ही शादी करने को कहा, जिसपर आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। इतना ही नही शादी करने से मना करने के बाद भी आरोपी पीडीता को बदनाम करने की धमकी देकर लगातार उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। उसकी धमकियो ओर हरकतों से परेशान आकर महिला ने हिम्मत जुटाई ओर बीते दिन थाने जाकर उसकी शिकायत कर दी। पुलिस ने के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## कलियासोत डैम के पास तेज रफ्तार कार ने सवार तीन युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**भोपाल।** नये शहर के चूनाभट्टी थाना इलाके मे स्थित कलियासोत डैम के हुए सडक हादसे मे एक युवक की मौत हो गई। हादसा बीती शाम को हुआ, यहा एक तेज स्पीड कार ने बाइक पर जा रहे तीन युवकों को अपनी चपेट मे ले लिया। वही घटना मे बाइक पर बैठे दो लोगो को गंभीर चोट आई है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शाहपुरा झुग्गी बस्ती मे रहने वाला 23 वर्षीय शुभम गोस्वामी पिता संतोष गोस्वामी निजी काम करता था। गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक ही बाइक पर वो अपने दो अन्य दोस्तो के साथ कलियासोत डैम घूमने जा रहा था। जैसै ही वो तीनो पुलिस चौकी चूनाभट्टी से थोडा आगे पहुचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। कार की चपेट मे आकर तीनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गये वही बाइक चला रहे शुभम को अधिक चोट आइ थी। बाद मे तीनों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिये निजी अस्पताल पहुचांया गया।

# पुलिस थाना सबलगढ़ के द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी करते दो आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार कीमती करीबन 162500/- रूपयें के किए गए जप्त




**गौरब शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना ।** सुबह सुबह मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लड़के अवैध हथियारों का जखीरा लेकर नीले रंग की पल्सर मोटर साइकिल से सुबह की शांति और एकांत का फायदा उठाकर विजयपुर से सबलगढ़, रामपुर रोड़ होके आ रहें हैं तुरंत कार्यवाही की जायें तो पकडे जा सकते है । उक्त सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुए थाना स्टाफ को बुलाकर एक टीम बनाई गई रामपुर रोड़ पर हीरामन बाबा मंदिर के आगे मोड पर चैकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग प्रारंभ की गई। दौराने चैकिंग एक पिकअप गाडी को चैक कर रहें थे तभी कुछ देर बाद दो लड़के पल्सर मोटर साइकिल से रामपुर तरफ से आयें जो एका एक पुलिस चैकिंग देखकर घबरा गए और मोटर साइकिल को पीछे की ओर बैक करने लगे जिन्हें तुरंत फोर्स की मदद से घेर कर पकड़ा और नाम पता पूछा व उनकी चैकिंग की गई तो गाडी पर पीछे बैठे लड़के की पीठ पर टंगे काले रंग के बैग में एक जूता चप्पल का डिब्बा रखा था डिब्बे को खोलकर चैक किया तो उसमें देशी चार पिस्टल 32 बोर की एवं 10 जिंदा राउण्ड मिले बाद गाडी चलाने वाले को चैक किया तो गाडी चालक अपनी कमर में एक 315 बोर का देशी कट्टा लोडेड हालत में खुर्से मिला और जेब में एक और 315 बोर का जिंदा राउण्ड रखा था। उक्त हथियारों को आरोपीगणों से जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों से जस मसरूका करीबन 162500 रूपयें कीमत का आरोपीगणों के विरूद्ध थाना पर आयुध अधिनियम 1959 की धारों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। आरोपीगणों से पूछताछ जारी है।

उक्त की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी के. के. सिंह और उनकी टीम प्र. आर. अजीत सिंह, आर. पवन त्रिवेद, आर. प्रहलाद रावत, आर. सुखेन्द्र रावत, आर. अमरसिंह रावत व उनि. सचिन पटेल (सायवर सेल प्रभारी), आर.अजीत,आर.रवि पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

# न्यू पेंशन स्कीम से रिटायर्ड कर्मचारी को वृद्धावस्था पेंशन से भी कम मिलेगी पेंशन : जनक सिंह रावत

## पेंशन नहीं तो वोट नहीं की मुहिम पर विचार कर रहे हैं संगठन



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहे न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ एवं अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने बताया कि कर्मचारियों के लिए पुरानी पैंशन बहाल होना बहुत जरूरी है क्योंकि सेवानिवृत्त होने के बाद वे कोई और काम करने में सक्षम नहीं होते। वर्तमान में सेवानिवृत्त हो रहे एन.पी.एस. प्राप्त कर्मचारियों को सरकारों द्वारा दी जा रही वृद्धावस्था पेंशन से भी कम पेंशन मिल रही है।

60 साल की उम्र के बाद बीमारियां भी घेर लेती हैं, जबकि एन. पी. एस. से जो कर्मचारी रिटायर्ड हुए हैं उनका जीना मुश्किल हो गया है न्यू पेंशन मैं उनकी पैंशन मात्र 500 रुपए से 2 हजार तक बनी है ऐसे में वे इस राशि से बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं कर सकते। अब औसतन पैंशन 1000 रुपए भी मानी जाए तो उसमें खाना पकाने के लिए मात्र 1 गैस सिलैंडर भरवा सकते हैं बाकी राशन के लिए भी तो पैसे की आवश्यकता होगी वो कहा से आएंगे कर्मचारी सेवानिवृत्त के बाद सम्मान से जी सके उसके लिए पुरानी पेंशन बहुत आवश्यक है । देश के 2 राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पैंशन लागू हो चुकी है और जब इन राज्य की सरकारों ने पी. एफ. आर.डी.ए. से एन. पी. एस. का पैसा वापस मांगा तो उसका का जवाब था पैसा वापस करने का कोई प्रावधान नहीं है यह सरासर कर्मचारियों के साथ धोखा है । कर्मचारियों में डर है जब सरकारों को एन. पी. एस. का पैसा वापस निकालने में पसीने छूट रहे हैं अब कर्मचारियों को डर सता रहा है सेवानिवृत्ति के बाद कोई कंपनी भाग गई या पैसा देने में आनाकानी की तब कर्मचारी कहां जाएगा न्यू पेंशन स्कीम में प्रावधान हैं पेंशन के मामले में कंपनी और कर्मचारी के बीच सीधा अनुबंध है सरकार का कोई लेना-देना नहीं यह तो बिल्कुल हड़प नीति की याद ताजा कर दी गई है राजनैतिक दल चुनाव के नजदीक इस मुद्दे पर ज्यादा सक्रिय रहते हैं बाद में भूल जाते हैं। बहुत से बड़े नेता सत्ता में आने से पहले पुरानी पैंशन लागू करने का वादा कर चुके हैं पर सत्ता पाने के बाद अपनी बात से मुकर जाते हैं। न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ एवं अखिल भारतीय पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश एवं देश के लाखों कर्मचारियों की ओर से सरकार से मांग करता है यथा शीघ्र केंद्र व राज्य सरकारें पुरानी पैंशन लागू कर कर्मचारियों को राहत प्रदान करें । एवं जिन राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी है उन राज्यों के कर्मचारियों का पैसा एनएसडीएल से जल्द से जल्द वापस दिलवाए।

# खरगापुर रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग तत्काल मरम्मत करवाया जाए - अजय सिंह यादव



**अजय खंगार पुष्पांजलि टुडे**

**खरगापुर।** तहसील कार्यालय खरगापुर जिला टीकमगढ़ में मुख्य सड़क से खरगापुर रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग की मरम्मत हेतु मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री अजय सिंह यादव के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया और कहा गया कि यह सड़क अत्याधिक जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है बरसात के मौसम में आवागमन बंद होने की स्थिति भी बन सकती है इसलिए इस सड़क की तत्काल मरम्मत अत्यंत आवश्यक है अगर समय पर मरम्मत नहीं करवाई है तो आंदोलन किया जाएगा एवं आम जनों के सहयोग से सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी,इस अवसर पर श्री नीरज शर्मा,कमल सक्सेना, श्यामाचरण लोधी, आशीष अहिरवार,राम कुमार रैकवार,अभिषेक सक्सेना,देवेंद्र यादव,हरि नारायण दुबे, राम राजा यादव, गोकुल अहिरवार, छोटे यादव, कैलाश अहिरवार, बलराम प्रजापति,छोटे लाल यादव, विकास विश्वकर्मा, बाबूलाल राय, नंदराम रैकवार,भजन प्रजापति, नवल विश्वकर्मा, बृजेश यादव एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

# सभी जिला कलेक्टर भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : सीएम

- गरीब का पैसा कोई खा नहीं पाए
- दोषी कर्मचारी-अधिकारियों की नौकरी तत्काल की जाए समाप्त
- बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को जिला स्तर पर किया जाएगा सम्मानित
- गोहद के खारे पानी की समस्या का कलेक्टर करें समाधान
- मुख्यमंत्री श्री चौहान आँगनवाड़ियों के बच्चों के लिए जन-सामान्य से खिलौने लेने के उद्देश्य से भोपाल में निकलेंगे हाथ ठेला लेकर
- आँगनवाड़ियों के संचालन में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता
- भिंड जिले के शुद्ध सरसों के तेल की राष्ट्रीय स्तर पर हो ब्रांडिंग
- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रातः 6.30 बजे की भिंड जिले की समीक्षा





ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीब का पैसा कोई खा नहीं पाए, इसलिए सभी जिला कलेक्टर भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। विकास गतिविधियों और जन-कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार, कार्य में विलंब और पैसा खाने की शिकायत मिलने पर दोषी अधिकारी-कर्मचारी की नौकरी तत्काल समाप्त की जाए। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कलेक्टर स्वतंत्र हैं। साथ ही जो अधिकारी-कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर सम्मानित किया जाएगा। अधिकारी-कर्मचारियों की शिकायतें मिलने और काम में ढिलाई पर एक्शन और अच्छे काम के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था का क्रियान्वयन होगा। मैं देर रात तक काम में लगा रहता हूँ, फिर सुबह 6=30 बजे से जिलों से संवाद शुरू कर देता हूँ। यह प्रदेश के विकास और जन-कल्याण की तड़प है, जो इन गतिविधियों में अभिव्यक्त होती है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान शुक्रवार को प्रातः भिंड जिले में विकास योजनाओं और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता मंत्री श्री अरविंद भदौरिया, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत और जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जनजाति मंत्री सुश्री मीना सिंह भी बैठक से वर्चुअली जुड़ी। भिंड के जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी वर्चुअली सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बेहतर कार्य के लिए कलेक्टर भिंड की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भिंड जिले में पेयजल तथा जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि गोहद में खारे पानी की समस्या को कलेक्टर टॉस्क (चुनौती) के रूप में लें। गोहद को मीठा पानी उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन भी हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगा। गोहद को खारे पानी के स्थान पर मीठा पानी उपलब्ध करा कर भिंड कलेक्टर अपने कार्यकाल को भिंड के निवासियों की स्मृति में चिर-स्थाई बना सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले में संचालित जल-जीवन मिशन की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और मिशन के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले के 13 नगरीय निकायों में से 3 में पानी की अधिक समस्या है, जिसके निराकरण के लिए परिवहन की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्र में मात्र 42.7 प्रतिशत कार्य होने पर चिंता जताते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में जो भी समस्याएँ आ रही हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाए। शहरी क्षेत्रों में जहाँ भूमि की उपलब्धता कम है वहाँ मल्टी स्टोरी की व्यवस्था की जाए। ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास में 88 प्रतिशत कार्य होने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि जिले में माफियाओं से 233 एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों को आवास उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आवास आवंटन में विलम्ब नहीं हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आवास प्लस के सभी हितग्राहियों को उनकी ओर से पत्र भेज कर आवास आवंटन की जानकारी दी जाए। साथ ही हितग्राहियों की सूचना पंचायतों में भी लगाई जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले में राशन वितरण की स्थिति की समीक्षा की।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर आज उपनगर ग्वालियर में एक करोड तेतीस लाख रूपये के विकास कार्यो का करेगें भूमि पूजन

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 21 मई को उपनगर ग्वालियर में 01 करो? 33 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन करेगें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा वार्ड 8 भीकम नगर में सुबह 9 बजे 15 लाख की लागत से भीकमनगर वाली गली में सीसी रोड निर्माण, वार्ड 7 पीएचई कॉलोनी में सुबह 10 बजे 9 लाख रूपये की लागत से पीएचई कॉलोनी में पार्क की बांउड्रीवाल निर्माण कार्य, वार्ड 9 राजामंडी में सुबह 10.30 बजे 8 लाख 96 हजार की लागत से राजा मंडी पुल से कृपानाथ धूना तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेगें। इसके साथ ही वार्ड 14 खिडकी मौहल्ला प्रजापति चौक में शाम 5 बजे 19 लाख रूपये की लागत से प्रजापति मौहल्ले से फोर्ट रोड पुल तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण, वार्ड 14 रमटापुरा रोड दीना कुशवाह जी के घर के सामने शाम 6 बजे 21 लाख 69 हजार रूपये की लागत से रमटापुरा रोड, लोहा मंडी से स्वर्णरेखा तक नाला निर्माण कार्य, वार्ड 14 अमरकंटक कॉलोनी में शाम 7 बजे 1 लाख 80 हजार रूपये की लागत से अमरकंटक कॉलोनी पार्क की बांउड्री मरम्मत कार्य, वार्ड 5 सूरज नगर गणेश पार्क में शाम 8 बजे 21 लाख रूपये की लागत से सूरज नगर सरस्वती पार्क में बाउंड्रीवाल, वाकिंग ट्रेक, रेलिंग इत्यादि निर्माण कार्य एवं शाम 8 बजे 18 लाख रूपये की लागत से सूरज नगर गणेश पार्क में बाउंड्रीवाल रेलिंग इत्यादि निर्माण कार्य एवं वार्ड 3 दुर्गा विहार कॉलोनी रात्रि 9 बजे 19 लाख रूपये की लागत से दुर्गा कॉलोनी जेल रोड पर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा।

### प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर की नालियों की साफ सफाई

ग्वालियर। जन अभियान परिसद की प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्रामीण अंचल में प्रमुखता के साथ जल संरक्षण व संवर्धन,पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वच्छता जैसी रचनात्मक गतिविधीयों को ग्रामीणों के सहयोग से अंजाम दिया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को भितरवार जनपद पंचायत के ग्राम रिठौदन में ग्राम की गलियों की साफ-सफाई की गई। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में श्रमदान कर नालियों को साफ किया। जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्यवक श्री मनोज दुवे ने बताया कि भितरवार क्षेत्र की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के सहयोग से जन जागरुक्ता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। साथ ही अंकुर अभियान के तहत वृक्षा रोपण, जलाभिषेक अभियान के तहत जल संरचनाओं का रख रखाव, नशा मुक्ति, जैविक खेती को बड़ावा, पक्षियों के लिए दाना पानी अभियान इत्यादि रचनात्मक गतिविधियाँ जन सहयोग एवं शासकीय कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित की जा रही है।

### युवाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक मदद दिलाने विशेष शिविरों की श्रंखला जारी

**शिविरों में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत तैयार कराये जा रहे है प्रकरण**

ग्वालियर। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं के ऋण अनुदान प्रकरण तैयार कराने के लिये विभिन्न लोक सेवा केंद्र व अन्य कार्यालय परिसर में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। स्वयं का उद्यम स्थापित करने के इच्छुक जिले के युवाओं के लिए इन शिविरों का लाभ उठा कर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का सुनहरा अवसर है। महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 मई को तहसील परिषद डबरा स्थित उप जिला उद्योग केन्द्र पर विशेष शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह 25 मई को मुरार स्थित लोक सेवा केन्द्र और 27 मई को जनपद पंचायत कार्यालय भितरवार में शिविर लगाए जायेंगे। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इन तिथियों में लोक सेवा केन्द्रों पर प्रातः 11 बजे से सायंकाल 6 बजे तक शिविर लगेंगे। इच्छुक युवक लोक सेवा केन्द्र के शिविर में पहुँचकर अपना उद्यम स्थापित करने के लिये ऋण प्रकरण तैयार करा सकते हैं। ज्ञात हो मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत सरकार द्वारा युवाओं को स्वयं का व्यवसाय व उद्योग (विनिर्माण) स्थापित करने के लिये एक लाख से 50 लाख रूपए तक का ऋण बैंकों के माध्यम से मुहैया कराया जाता है।

### विचार नहीं व्यक्ति की राजनीति में विश्वास रखती है कांग्रेसः सुरजीत सिंह चौहान

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी एक विचार पर कार्य करने वाली पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मूल मंत्र अंत्योदय पर कार्य करके राष्ट कल्याण के लिए कार्य कर रही है, ठीक इसके पलट कांग्रेस सिर्फ व्यक्तिवाद पर कार्य करती है। यही एकमात्र कारण कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादियों की पार्टी है। उक्त उद्गार आज नगरीय निकाय चुनाव ग्वालियर के प्रभारी सुरजीत सिंह चौहान ने भाजपा जिला ग्वालियर द्वारा होटल सेलीब्रेषन इन में आयोजित नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी हेतु श्रेणीबद्ध कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय का चुनाव हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है।

## आमजनों को भीषण गर्मी से राहत के लिए निगम ने जनसहयोग से शहर भर में लगाए शीतल जल प्याऊ



ग्वालियर। भीषण गर्मी से आमजनों को राहत देने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा जनसहयोग से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 13 स्थानों पर शीतल जल प्याऊ संचालित किए जा रहे हैं, जिससे गर्मी में राह चलते नागरिकों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आरएलएस मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी में शहर के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं राहगीरों को गर्मी में शीतल जल पिलाने के लिए विगत 25 अप्रेल से शहर के विभिन्न स्थलों पर शीतल जल प्याऊ आमजनों के सहयोग से संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी शीतल जल प्याऊ पर नगर निगम ग्वालियर कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है जो कि राहगीरों को भीषणगर्मी से राहत के लिए शीतल जल पिलाने का कार्य करते हैं। वहीं सभी शीतल जल प्याऊ पर नगर निगम द्वारा प्रतिदिन पर्याप्त पानी की व्यवस्था कराई जाती है। गोले का मंदिर, बस स्टेन्ड, रेलवे स्टेशन, जयारोग्य परिसर, डॉ भगवत सहाय चौराहा, गुडा पुलिस चौकी के पास, झांसी रोड थाने के पास, शीतला माता मंदिर चौराहा, केआरजी चौराहा, चार शहर का नाका, हजीरा चौराहा सहित अन्य कई स्थानों पर शीतल जल प्याऊ संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य स्थानों पर भी आवश्यतानुसार शीतल जल प्याऊ संचालित किए जाएंगें जिससे आम नागरिकों को भीषण गर्मी में राहत प्रदान की जा सके।



## स्वच्छता के प्रति जागरुक करने शहर में चलाया अभियान



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने एवं अपने ग्वालियर को स्वच्छ ग्वालियर व सुंदर ग्वालियर के प्रति सहभागिता के लिए निरंतर जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं जिसके तहत निगम के आईईसी टीम के सदस्यों द्वारा शहर भर के विभिन्न वार्डों में गली मोहल्लों में पहुंचकर आमनागरिकों को स्वच्छता के संबंध में जागरुक किया और सूखा व गीला कचरा अपने घर से ही अलग अलग करके देने का आग्रह किया। ग्वालियर शहर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज दिनांक 20 मई को आईईसी सर्वे की टीम ने डोर टू डोर जाकर स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बे में डालने की अपील की। निगम की सर्वे टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर स्वच्छता अभियान के बारे मे जागरूक किया और नुक्कड़ नाटक की टीम के माध्यम से सूखा गीला कचरा व घरेलू हानिकारक और जैविक अपशिष्ट कचरा को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अलग अलग डिब्बों में डालने की अपील की। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता की जानकारी दी गई। टीम द्वारा आज शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 34, 35, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 51, 49, 48, 55, 54, 53, 01, 02, 05, 36, 21 में देव नगर, हेमसिंह की परेड, सिकंदर कंपू, समाधियां कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी, आर्मी बजरिया, 14 बटालियन, लक्ष्मीगंज, हनुमान चौराहा, लेले साहब का बगीचा, थाटीपुर, संजय नगर, ढोली बुआ का पुल, तिघरा रोड, गिरवाई, जनकपुरी कॉलोनी, महाराज बाड़ा आदि स्थानों पर हमारी सर्वे टीम ने सर्वे किया।

## डेंगू दिवस पखवाड़े के तहत जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित

### डेंगू मुक्त ग्वालियर के लिए दिलाई गई शपथ



ग्वालियर। ग्वालियर जिले में मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू मलेरिया के नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को सिविल सर्जन डा. आर. के. शर्मा की अध्यक्षता में डेंगू से बचाव व जागरूकता शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय मुरार में किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को डेंगू मुक्त ग्वालियर बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई।

शिविर में जिला मलेरिया अधिकारी डा. नीलम सक्सेना द्वारा बरसात के दिनों में बड़ती मच्छरों की पैदाइश व डेंगू मलेरिया के नियंत्रण के संबंध में उपयोगी बातें बताई। शिविर के दौरान फेमिली हेल्थ इंडिया की एम्बेड टीम व मलेरिया विभाग की टीम द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मच्छर व डेंगू से बचाव से संबंधित आवश्यक सावधानियाँ व उपाय की सभी को सलाह दी गई। पानी को हमेशा ढक कर रखने व कूलर ङ्क टंकी-गमले आदि की हर तीसरे दिन सफाई करने अथवा पानी बदलने की सलाह भी दी गयी । प्रदर्शनी देखने वाले शहरवासी, अस्पताल स्टाफ व मरीजों ने भी डेंगू की रोकथाम व बचाव की जानकारी ले कर ग्वालियर को डेंगू मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कुल 264 लोगों ने संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किये, जिन्हें गोदरेज के सहयोग से निःशुल्क सेनेटाईजर भी वितरित किया गया।

एम्बेड टीम व मलेरिया विभाग द्वारा शासकीय संस्थानों को मच्छर के लार्वा से मुक्त बनाने हेतु विशेष अभियान चलाकर लार्वा सर्वे व विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत आज टीम द्वारा प्रसूति गृह मुरार व जिला चिकित्सालय में एंटी लार्वा सर्वे व विनिष्टीकरण की सफल कर्यवाही की गयी।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का होगा 25 से 31 मई तक स्वतः नवीनीकरण

### बीमा धारकों से अपील अपने खातों में 330 रूपये का बेलेंस जरूर रखें

ग्वालियर। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रहीं सामाजिक सुरक्षा योजनाओ में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भी शामिल है। इस योजना का नवीनीकरण हर साल 25 मई से लेकर 31 मई के बीच स्वतः ही हो जाता है । इस योजना के सभी बैंकों के बीमा धारको से आग्रह किया गया है कि वे अपने बैंक खाते में न्यूनतम राशि 330 रूपये का बेलेंस अवस्य रखें,जिससे उनके बीमा का नवीनीकरण हो सके। ज्ञात हो प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजनांतर्गत 18 से 50 वर्ष तक के आयु के कोई भी व्यक्ति सामान्य आवेदन भरकर बैंक या ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से अपना बीमा करा सकते है। इस बीमा योजना के तहत किसी भी आकस्मिक घटना के कारण मृत्यु होने की दशा में नामित को 2 लाख रुपये की राशि दी जाती है। सेन्ट्रल बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख श्री अमरीक सिंह ने बताया कि विगत कुछ महीनों में कुल 25 बीमा धारको को 50 लाख रुपये का भुगतान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478